तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 24.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 23 अगस्त 2025



रेलवे ट्रैक पर घूमते रहे मवेशी, ट्रेन आने के बाद भी इसे भगाने नहीं पहुंचे कर्मचारी।



## खबर संक्षेप

### कथावाचक विनयकांत के श्रीमुख से भजन संध्या कल



**बिलासपुर**। प्रख्यात श्रीमद्भागवत, शिवपुराण कथावाचक एवं भजन गायक श्रीधाम वृंदावन निवासी आचार्य विनयकांत त्रिपाठी के श्रीमुख से 24 अगस्त रविवार संध्या 4 बजे से श्री अग्रसेन भवन बिल्हा में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा हैं। उक्त भजन संध्या का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। ललित अग्रवाल ने मंढोलीवाल परिवार बिल्हा, अकलतरा, बिलासपुर की और से समस्त धर्मनिष्ठ श्रद्धालुओं से पुण्यलाभ लेने का आग्रह किया हैं।

### शांति समिति की बैठक 25 को

**बिलासपुर**। जिले में गणेश चतुर्थी एवं ईद-ए-मिलाद पर्व के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने शांति समिति की बैठक 25 अगस्त को शाम 5 बजे जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में होगी। समिति के सदस्यों से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

### नगर सैनिक भर्ती: 10 तक होगी दस्तावेजों की जांच

**बिलासपुर**। नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ विभाग द्वारा 1715 महिला नगर सैनिकों की छात्रावास ड्यूटी व 500 महिला-पुरुष नगर सैनिक जनरल ड्यूटी के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 1 से 10 सितम्बर तक जिला मुख्यालयों में सभी मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होना है।

### नीति आयोग ने ब्याज सहित वापस मांगी राशि

# 20 स्कूलों को मिले थे ढाई करोड़, छह साल में इनोवेशन तो दूर अधिकांश में लैब तक नहीं बने

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

जिले के 20 स्कूलों को अटल टिंकरिंग लैब खोलने की अनुमति नीति आयोग से मिली है। इसमें से अधिकांश केंद्र छात्रों को इनोवेटर बनाने और स्थानीय समस्याओं का समाधान ढूंढना तो दूर लैब तक नहीं बना पाए हैं, जबकि इसे संचालित करने के लिए नीति आयोग ने हर एटीएल को 12-12 लाख रुपए दिए थे। 6 सालों में सिर्फ मल्टीपरपज स्कूल और भारत माता स्कूल में खुले एटीएल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने इनोवेशन और प्रोजेक्ट के जरिए नाम कमाया तो अधिकांश स्कूलों में दी गई राशि को अब नीति आयोग ने ब्याज सहित वापस मांग ली है। इसके बाद से हड़कंप मचा है और स्कूलों ने एटीएल को व्यवस्थित करने की बात कहते हुए 6 महीने का समय मांगा है।

ज्ञात हो कि नीति आयोग ने देशभर के स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब खोला है। इसका उद्देश्य 2027 तक देश के 2 लाख छात्रों को इनोवेटर बनाने के साथ समाज की समस्याओं के समाधान के लिए शासन पर निर्भर न रहकर खुद समाधान खोजना है। इसके लिए जिले में नीति आयोग ने 2016 में 3 स्कूल मल्टीपरपज बिलासपुर, मल्टीपरपज स्कूल पेंड्रा, सेंट जेवियर स्कूल भरनी, 2017 में 4 स्कूल शासकीय गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल कोटा, केंद्रीय विद्यालय बिलासपुर, जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, 2018 में 8 स्कूल भारत माता, बर्जेश गर्ल्स, शासकीय बालक स्कूल चकरभाठा, शासकीय स्कूल रतनपुर, शासकीय स्कूल उसलापुर, शासकीय स्कूल मस्तूरी, शासकीय स्कूल मिट्टूगांव, 2019 में शासकीय स्कूल बरतोरी, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल तिफरा को केंद्र दिया।





- दिखावे के लिए प्रोजेक्टर सहित दूसरे सामान खरीद लिए लेकिन सामान डिब्बों में पैक
- स्कूलों ने एटीएल को व्यवस्थित करने की बात कहते हुए 6 महीने का समय मांगा है

**अलग खबर**

### प्रदेश में 368 स्कूल, प्रोजेक्ट बने सिर्फ 90, शिक्षक भी नहीं

प्रदेश स्तर पर 368 स्कूलों में अटल टिंकरिग लैब खोले गए हैं। अधिकांश स्कूलों में ना लैब तो दूर की बात है इसके लिए शिक्षकों की नियुक्ति तक नहीं हो सकी है। दिखावे के लिए फिजिक्स और कैमेस्टी की प्रयोगशाला को ही एटीएल का नाम दे दिया गया है। इन्हीं प्रोफेसरों को इनोवेशन का जिम्मा भी सौंप दिया गया है। अलग से एटीएल के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। इसी कारण पिछले साल एटीएल के मैराथन प्रोजेक्ट में सिर्फ 90 इनोवेशन प्रदेश भर से गए थे। नीति आयोग के सदस्यों का कहना है कि एक स्कूल एक प्रोजेक्ट पर भी काम करता तो कम से कम 368 प्रोजेक्ट बनाए जाने थे। साफ है कि छात्रों को केन्द्र की नीति और उद्देश्यों के हिसाब से कुछ एक स्कूल ही काम कर रहे हैं।

### इनोवेशन, क्रिएटीविटी और वैज्ञानिक पहलुओं पर काम नहीं

जिले की बात करें तो अधिकांश स्कूल 12 लाख रुपए मिलने के बाद भी लैब निर्माण में असफल रहे हैं। इस पर नीति आयोग ने कड़ा रुख अपनाया है। स्कूलों से 11.50 फीसदी ब्याज के साथ वापस मांगी जा रही है। इसको लेकर हड़कम्प मच गया है क्योंकि यह राशि देशभर के चुनिंदा 10 हजार विद्यालयों को दी गई थी। इसका उद्धेश्य छात्रों के मन में जिज्ञासा, रचनात्मकता और कल्पना को बढ़ावा देने सहित डिजाइन मानसिकता, कम्प्यूटेशनल सोच, अनुकूली शिक्षा, भौतिक कंप्यूटिंग जैसे कौशल विकसित करना था। इस असफलता को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से भी स्कूलों से जवाब मांगा जा रहा है।

### सामान भी अधिक कीमत पर खरीदी लेकिन उसका उपयोग नहीं

केन्द्र सरकार ने एटीएल के लिए जो 12 लाख की राशि दी थी उसमें 2 लाख रुपए मेंटेनेंस के लिए थे। इसके अलावा 7 लाख रुपए के लैब उपकरण, एक लाख का कम्प्यूटर और प्रोजेक्टर, एक लाख का कुर्सी टेबल खरीदा जाना था। इसके साथ ही एक लाख का व्हाइट वास करना था। अधिकांश स्कूलों ने लैब के उपकरण खरीदे जरूर लेकिन अधिक कीमतों पर। 40 हजार का कम्प्यूटर 70 से 80 हजार में खरीदा गया है। यही नहीं यह सामान कई सालों से डिब्बों में पैक है। नीति आयोग की टीम पिछले सप्ताह बेलगहना के इंटीलेजेंस स्कूल पहुंची थी। यहां लैब उपकरण डिब्बों से खोले तक नहीं गए थे। यहां तक की अधिकांश स्कूलों में कितने बच्चे लैब में है, कितने प्रोजेक्ट पर काम हो रहा, इसकी कोई जानकारी नहीं है। डीकेपी कोटा, कन्या कोटा, शासकीय स्कूल मिट्ठनवागांव में एक भी प्रोजेक्ट पर काम नहीं हो पा रहा है। चकरभाठा स्कूल में लैब तो बना है लेकिन उसकी हालत खराब है।

### भेजी जा रही है रिपोर्ट

जिले में जहां भी एटीएल है, वहां लोग मेंटर का इंतजार कर रहे हैं, वे कुछ कराएंगे। जबकि सच्चाई ये है कि खुद काम करने पर ही सफलता मिलेगी। मेंटर के भरोसे कुछ नहीं हो सकता है। एटीएल प्रभारियों को छात्रों के साथ समय बिताना होगा। साथ ही नीति आयोग के अनुसार उनके कार्यों को सोशल साइट्स पर भी वायरल करना है। स्कूल के अलावा आस-पास के बच्चों को भी इस क्षेत्र में शामिल करना है। अधिकांश स्कूलों में बिलकुल काम नहीं हो रहा है, यह तो सही है। इसकी रिपोर्ट बनाकर नीति आयोग को भेजी जा रही है।

\- **वाय श्रीनिवासन**, सदस्य, नीति आयोग

# 24 घंटे में 30.6 मिमी बारिश



कंपनी गार्डन में भरा पानी, झूला झूलने के लिए तरसते रहे बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चक्रवाती हवाओं के प्रभाव के चलते प्रदेश के कई जिलों में बारिश हो रही है, पिछले दो दिनों से बिलासपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में झमाझम बारिश देखी जा रही है, भले ही घंटे दो घंटे की बारिश हो रही है, लेकिन इससे नगर निगम व बिजली व्यवस्था की पोल खुल रही है। सड़कों पर लबालब पानी और बिजली की आंखमिचौली लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है।

शुक्रवार को मानसून द्रोणिका के प्रभाव के चलते सुबह से ही बारिश होती रही, इस दौरान हल्की मध्यम बारिश हुई लेकिन दोपहर 2 बजे के बाद अचानक तेज और मुसलाधार बारिश देखी गई, करीब 1 घंटे तक बारिश ने शहर की ज्यादातर सड़कों को जलमग्न कर दिया। मौसम विभाग ने जिले के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून द्रोणिका रोहतक, दीघा से बंगाल की खाड़ी तक बन चुकी है, प्रदेश के कई जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है। खास बात यह है कि दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से तापमान लुढ़क चुका है, सामान्य तापमान से अधिकतम तापमान 3 डिग्री नीचे आते हुए 28.2 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 2 दिनों के भीतर तेज बारिश होने की आशंका बनी हुई है।

### यलो अलर्ट जारी

- शुक्रवार की दोपहर को हुई बारिश ने खोली निगम की पोल

### रात भर सताती रही बिजली

गोलबाजार फीडर की सप्लाई गुरूवार की रात 2 बजे से प्रभावित रही, सुबह 5.30 को सप्लाई नार्मल की गई लेकिन महज घंटे भर के बाद एक बार फिर ट्रीपिंग आई और सुबह 9 बजे बिजली सप्लाई शुरू हो सकी। इस दौरान क्षेत्र के कई उपभोक्ताओं को रतजगा करना पड़ा। यही हाल हांफा और सकरी क्षेत्र का रहा, जहां रात 11 बजे से लो वोल्टेज की समस्या रही, बिजली की आंखमिचौली से लोगों को राहत नहीं मिल सकी। शुक्रवार को शहर के कई इलाकों में बिजली आती व जाती रही, जिससे उपभोक्ताओं के रोजमर्रा के काम प्रभावित रहे।




मान. भूपेश बघेल जी
को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई...
छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा, उनका चित्र, राज्यगीत, माटी पूजन तिहार, माटी के त्यौहारों व बोरे-बासी को सम्मान एवं किसानों को सम्मान एवं आदिवासी कला एवं संस्कृति को सम्मान के साथ आपने छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान की गौरवशाली यात्रा शुरू की है,
जिसे हम आपके सहयोग से शिखर तक पहुंचाएंगे।
अटल श्रीवास्तव
विधायक-कोटा
रामशरण यादव
पूर्व महापौर-नगर निगम, बिलासपुर
राजेन्द्र शुक्ला
पूर्व अध्यक्ष-कृषि उपज मंडी समिति
प्रमोद नायक
पूर्व अध्यक्ष-जिला सहकारी बैंक
जितेन्द्र पाण्डेय
पूर्व सभापति-जिला पंचायत, बिलासपुर
शिव बालक कौशिक
उपाध्यक्ष-जिला कांग्रेस कमेटी, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय की 33 छात्राओं का प्लेसमेंट कैंप में चयन



**बिलासपुर।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बिलासपुर तथा मेसर्स एटीसी टायर्स प्रा. लि. (याकोहामा) दहेज जिला भरूच (गुजरात) के संयुक्त तत्वावधान में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में किया गया। मेसर्स एटीसी टायर्स प्रा. लि. (याकोहामा) दहेज (भरूच) गुजरात के वरिष्ठ प्रबंधक संजय पंड्या और ममता गायकवाड़ ने कंपनी के नियम, वेतन भत्ते, चयन प्रक्रिया, पदोन्नति, टायर निर्माण प्रक्रिया, सुविधाएं आदि के सम्बन्ध में बताया। कार्यक्रम में अमित पाण्डेय, डॉ अंजू तिवारी और डॉ अंबुज पाण्डेय मंच पर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ हेमन्त पाल घृतलहरे ने किया। ओरिएंटेशन उपरान्त इच्छुक छात्राओं से आवेदन फॉर्म भरवाने के बाद चयन प्रक्रिया की गई। साक्षात्कार प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई। सभागार में 200 से अधिक छात्राएं उपस्थित थीं, जिनमें से 125 ने अपना पंजीयन कराया। 47 छात्राओं ने साक्षात्कार दिया और 33 छात्राएं चयनित हुईं।

### विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन बिलासपुर इकाई के व्यास अध्यक्ष



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन बिलासपुर इकाई की सामान्य सभा विद्युत मंडल श्रम कल्याण केंद्र तिफरा में प्रान्तीय अध्यक्ष हरीश निषाद एवं पीएन सिंह की उपस्थित में हुई। इस दौरान बिलासपुर में पेंशनर एसोसिएशन की बिलासपुर इकाई अनिल कुमार व्यास को अध्यक्ष निर्वाचित किया। डॉक्टर अजीत सिंह को उपाध्यक्ष, यादवेंद्र धर दीवान सचिव, जे एल शर्मा संयुक्त सचिव, रामकृष्ण साहू कोषाध्यक्ष, दिनेश चंद्र बाजपेई सह कोषाध्यक्ष निर्वाचित किए गए। कार्यकारिणी के अन्य सदस्य एवं प्रकोष्ठ के गठन के लिए अध्यक्ष को अधिकृत किया गया है। पदाधिकारियों की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष श्री निषाद ने किया। इस मौके पर अनिल बाजपेयी, राम कृष्ण साहू, दिनेश चंद्र बाजपेयी, विजय धर दीवान, एल पी कौशिक, विजय केडिया, खुशी राम राठौर, मेजर डॉ. टी ए सिंह, सुरेश बाजपेयी, सी एम बाजपेयी, निर्मल चन्द्र मिश्रा, कमलेश शुक्ला, डी के गांगुली, यादवेन्द्र धर दीवान, मनोहर राव, हेमलाल साहू, आर बी गंधर्व, दिगपाल सिंह ठाकुर, जवाहर शर्मा, के एल कश्यप, संतोष कुमार पाठक, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा आदि मौजूद थे।

## पोला आजः होगी बैल स्पर्धा



बिलासपुर। आदर्श युवा मंच द्वारा पोला पर्व पर बैल साज सज्जा एवं दौड़ प्रतियोगिता 23 अगस्त को आयोजित की जा रही है। आदर्श युवा मंच द्वारा 23 अगस्त शाम 4 बजे स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री शाला के मैदान में आयाजित है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, सीएमडी कालेज के चेयरमैन संजय दुबे करेंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर रामशरण यादव, प्रमोद नायक, राजेन्द्र शुक्ला, अमर बजाज, अभयनारायण राय, किरण सिंह, सुरेन्द्र कश्यप होंगे। मंच के अध्यक्ष महेश दुबे टाटा ने बताया कि लोक कला सांस्कृतिक मंच मनभौरा लालजी श्रीवास द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

## जिला सहकारी बैंक की अंश पूंजी हुई 125 करोड़

**बिलासपुर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बिलासपुर की 111वीं आम सभा बैंक परिसर में हुई। इस अवसर पर बैंक के प्राधिकृत अधिकारी एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि बैंक वर्ष 1915 से संचालित है।

आज लगभग 111 साल हो गए बैंक उत्तरोत्तर वृद्धि कर रहा है और कई शाखाओं का विस्तार हो रहा है। बैंक अंतर्गत 58 शाखाएं और 430 सेवा सहकारी समितियां संचालित है। बैंक की कुल अंश पूंजी 5.91 करोड रुपए की वृद्धि होकर 125.43 करोड़ रुपए हो गई है। शासन की महत्वाकांक्षी



धान खरीदी योजना बैंक अंतर्गत आने वाले 6 जिलों बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, कोरबा, गौरेला पेंड्रा मरवाही और सक्ती में निरंतर की जा रही है। बैंक द्वारा वर्ष 2024-25 में 2 लाख 23 हजार 59 किसानों को 892.95 करोड रुपए की राशि का केसीसी फसल ऋण उपलब्ध कराया गया है। केसीसी ऋण वितरण अंतर्गत पशुपालन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी के विकास हेतु किसानों को अल्पकालिक केसीसी लिमिट मुहैया कराया जा रहा है। सभी समितियां का कंप्यूटरीकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों का रुपए केसीसी कार्ड बनाया जा रहा है। सरकार से समृद्धि योजना अंतर्गत समितियां के उन्नयन करने सीएससी निर्यात सहकारी समिति, जैविक सहकारी समिति एवं भारतीय बीज सहकारी समिति से जोड़ा जा रहा है।

ग्राहकों की सुविधा के लिए 24 एटीएम मशीन संचालित है। बैंक के किसानों की सुविधा के लिए समितियों में माइक्रो एटीएम की भी सुविधा उपलब्ध है। बैंक के सीईओ सुनील सोढ़ी ने बताया कि बैंक में कई अमानत योजनाएं चल रही हैं।

## 144 दिनों में माल लदान की रेलवे ने बनाई सेंचुरी

**बिलासपुर।** दपूमरे बिलासपुर जोन ने 144 दिनों में माल लदान की सेंचुरी बनाई है। वर्ष 2021-22 में यह आंकड़ा 188 दिनों में, वर्ष 2022-23 में 175 दिनों में, वर्ष 2023-24 में 164 दिनों में और गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 151 में पूरा हुआ था। यह उपलब्धि देश की ऊर्जा जरूरतों, कोयला आधारित पावर प्लांट्स, इस्पात उद्योगों तथा विभिन्न कारखानों को सतत व निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए हासिल की गई है। इस अवधि में पिछले वर्ष की तुलना में 4.57 मिलियन टन 4.79 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 22 अगस्त तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे पूरे भारतीय रेलवे में दूसरे सबसे अधिक प्रारंभिक माल लदान के साथ कुल माल लदान में 15.83 फीसदी का योगदान दे रहा है।

## परसाई स्मृति रचना गोष्ठी आज प्रेस क्लब में

**बिलासपुर।** प्रगतिशील लेखक संघ की स्थानीय इकाई व बिलासपुर प्रेस क्लब द्वारा शनिवार 23 अगस्त को हरिशंकर परसाई की स्मृति में एक रचना गोष्ठी प्रेस क्लब राघवेंद्र हाल सभा भवन परिसर में आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में डॉ मुरली मनोहर सिंह मुख्य वक्ता के रूप में हरिशंकर परसाई के रचनात्मक अवदान पर आधारित अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद एम.के. मिश्रा करेंगे। इस अवसर पर एक कवि गोष्ठी भी होगी। इसकी अध्यक्षता कल्याणी वर्मा, मंगला देवरस करेंगी। डॉ अशोक शिरोड़े, राजेश अग्रवाल, रईसा बानो, अलका राठौर, निहारिका तिवारी, शम्मी कुजूर आदि कवि अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। कार्यक्रम दोपहर ढाई बजे से प्रारंभ होगा।

## महामृत्युंजय जाप का समापन, एक रोटी गौ माता के नाम अभियान की शुरुआत

**बिलासपुर।** नर्मदा नगर में चल रहे रूद्राभिषेक और महामृत्युंजय जाप के बाद शुक्रवार को हवन पूजन किया गया।

वाराणसी के आचार्यों की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के बीच कांग्रेस नेता विजय केशरवानी ने अपनी माता रामदुलारी के साथ गौशाला और अपने निवास में गौमाता को रोटी खिलाकर एक रोटी गौ माता के नाम अभियान की शुरुआत की। कोरोना त्रासदी में दिवंगत अनुज स्व. अजय केशरवानी की याद में प्रारम्भ किए गए इस पुनीत कार्य की शुरुआत करते वक्त विजय और उनकी मां की आंखें छलक पड़ीं। विजय ने कहा कि भाई की यादों को



बरसों बरस तक संजोए रखने के लिए इससे अच्छा कोई कार्य नहीं हो सकता था। गौमाता की सेवा सुश्रुसा और संरक्षण से बढ़कर और कोई नहीं और कुछ भी नहीं। भविष्य में स्कूलों के ज़रिये इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे। अभिभावकों व स्कूली बच्चों के बीच जाएंगे और टिफिन में एक रोटी गौ माता के लिए बच्चों में जब यह आदत पड़ जाएगी तो फिर वे ही सनातन परंपरा को आगे बढ़ाने ध्वज वाहक के रूप में काम करेंगे। साथ ही गौ संरक्षण व संवर्धन की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

## बिजनेस प्लस

### न्यू जनरेशन में युवाओं ने रैंप पर अपनी प्रतिभा का जादू बिखेरा



बिलासपुर। न्यू जनरेशन, फिल ग्रुप टॉवर सीएमडी चौक में बुधवार को फैंशन और माडलिंग शो का शानदार आयोजन किया गया। इसमें शहर के युवाओं ने रैंप पर अपनी प्रतिभा का जादू बिखेरा। तीन राउंड का यह कार्यक्रम रैंप वॉक, इंट्रोडक्शन एवं प्रश्नोत्तर और टैलेंट पर आधारित रहा।

हर राउंड में प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास और आकर्षक व्यक्तित्व से दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के विजेताओं में कृष्णा ओम रहे। इसी तरह प्रथम रनरअप पूरव यादव, द्वितीय रनरअप आकाश मोदी, बेस्ट कॉन्फिडेंस अवार्ड प्रशांत दसामी, बेस्ट टैलेंट अवार्ड सोहम चटर्जी रहे। जज की भूमिका मॉडल एवं एथलीट रोहन शाह और आईआईएफटी डायरेक्टर निखिल माखीजा ने निभाई। इस अवसर पर न्यू जनरेशन से डायरेक्टर लक्ष्मण बजाज, मेंटॉर नरेश लालवानी, सीईओ विशाल मानकानी और स्टोर मैनेजर जय चंदानी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता अखिलेश पांडे ने शिरकत की। विजेताओं को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि न्यू जनरेशन का उद्देश्य युवाओं को फैशन और मॉडलिंग की दुनिया में नया मंच देना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है।

## हेल्थ प्लस

### वैद्यशाला में तीन दिवासीय निःशुल्क पाईल्स चिकित्सा शिविर कल तक

**बिलासपुर।** वैद्यशाला आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म संस्थान अरपा पुल के पास नेहरू चौक में 3 दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर का आयोजन 22 अगस्त से 24 अगस्त तक किया जा रहा है।



इस शिविर में सभी प्रकार के रोग जैसे पाईल्स (बवासीर), फिशर, फिस्टुला आदि की चिकित्सा परामर्श दिया जा रहा है। सभी रोगियों को सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे के मध्य जांच परामर्श दिया जाएगा। संस्था के संस्थापक डॉ. मनोज चौकसे ने बताया कि क्षारसूत्र हल्दी, चिरचिरा की भस्म, थूहर का दूध से निर्मित किया जाता है। इसे बवासीर के मस्सों या भगंदर के नली में बांधकर चिकित्सा की जाती है। इस चिकित्सा में पुनरावृत्ति की संभावना नही होती। यही महर्षि सुश्रुत (शल्यतंत्र के जनक) द्वारा प्रदत्त चिकित्सा की महत्ता है। शिविर में डॉ. मनोहर जी टेकचंदानी, डॉ. विमल शर्मा, डॉ किरण वर्मा , डॉ. मोनिष्का शर्मा, डॉ. निहारिका सिंह अपनी सेवायें दे रहे हैं। 22 अगस्त को लगभग 95 रोगियों ने जांच कराई एवं चिकित्सा प्राप्त की। सभी जरूरतमंद रोगियों को कुछ औषधि भी संस्था द्वारा निःशुल्क दी जा रही है।




## खबर संक्षेप

### धर्मजीत की अनुशंसा पर 3 करोड़ की स्वीकृति

**सकरी।** विधायक धर्मजीत सिंह की अनुशंसा पर तखतपुर



विधानसभा क्षेत्र को विकास कार्य के लिए 2 करोड़ 82 लाख रुपए राशि की स्वीकृति का आदेश मिल गया है। उक्त राशि से तालाब का सौंदर्यीकरण एवं महतारी सदन निर्माण कार्य होगा। विधायक धर्मजीत सिंह की मांग पर तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उस्लापुर में रकबंधा तालाब का सौंदर्यीकरण 2 करोड़ 21 लाख 92 हजार की राशि से होगा। साथ ही तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलपान एवं गनियारी में 30-30 लाख रुपए का महतारी सदन निर्माण होगा। विधायक धर्मजीत सिंह ने बताया कि, तखतपुर क्षेत्र किसी भी रूप में जन सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा।

### गौ मांस खरीदने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**तखतपुर।** गौ मांस बिक्री एवं क्रय करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के दिन गौमांस काटने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मिशन कम्पाउंड क्षेत्र में गौहत्या करते हुए दो आरोपी रंगे हाथ पकड़े गए थे। इसी क्रम में जांच में के बाद गौमांस की खरीदी करने वाले 3 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपियों में किशोर मसीह पिता स्व प्यारे लाल उम्र 56 वर्ष निवासी मिशन कम्पाउंड, लीना मसीह उर्फ कालो आंटी पति स्व सुनील मसीह निवासी मिशन कम्पाउंड, राजेन्द्र लहरे पिता कृष्णा लहरे उम्र 45 वर्ष निवासी कॉलेज पारा शामिल हैं। मामले में गिरफ्तार इन सभी आरोपियों के खिलाफ कृषक पशु परीक्षण अधिनियम 2004 की धारा 5, 10, बीएनएस 299 एवं 3(5) के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

### आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

**लगरा।** ग्राम पंचायत उरतुम निवासी ओमप्रकाश सूर्यवंशी पिता बाबूलाल सूर्यवंशी उम्र 25 वर्ष रोज की तरह 21 अगस्त को मटियारी के खार में रोपा लगाने के लिए गया था। इसी दौरान शाम को लगभग 5:30 बजे आकाशीय बिजली गिरने के कारण उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। वह परिवार का कमाऊ सपूत था, जो मजदूरी करके माता-पिता भरण पोषण करते था।

## निधन

### संदीप जायसवाल

**तखतपुर।** टिकरीपारा वार्ड 3 निवासी संदीप जायसवाल का 45 वर्ष की



आयु में 22 अगस्त को निधन हो गया। वे डॉ आशीष जायसवाल के बड़े भाई तथा पियूष जायसवाल के मामा थे। इनका अंतिम संस्कार काशी विश्वनाथ, वाराणसी में किया जाएगा।

---

## महंगाई की दोहरी मार झेल रहे क्षेत्र के किसान

# यूरिया की किल्लत से किसान हलाकान निजी दुकानों पर हो रही कालाबाजारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलतरा

धान की फसल के मौसमी चरम पर जब किसानों को भरपूर खाद की आवश्यकता होती है, ठीक उसी समय विधानसभा मुख्यालय सहित नेवसा व अन्य कई गांवों में यूरिया खाद की भारी किल्लत ने किसानों की नींद उड़ा दी है।

सहकारी समितियों पर खाद समय में उपलब्ध नहीं होने के कारण निजी दुकानदार मनमाने दाम वसूल रहे हैं, जिससे किसान दोहरी मार झेलने को मजबूर हैं।



### खाद दिलाने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**लोरमी।** क्षेत्र के किसानों को यूरिया उपलब्ध कराने कोमल सिंह राजपूत के नेतृत्व में एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि, क्षेत्र के किसानों को यूरिया के बिना खेती किसानी करने में परेशानी हो रही है। लाइसेंस धारी कृषि केंद्र व दुकानों से पर्याप्त मात्रा में एक सप्ताह के अंदर यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई। साथ ही तय समय तक खाद उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में नगर में चक्काजाम करने की बात कही गई है।

इस अवसर पर कोमल राजपूत, रोहित साहू, दीपक श्रीवास, संजय यादव, अनिल गिरी, शत्रुघ्न सिंह ध्रुव, देवी सिंह राजपूत, धर्मजीत राजपूत, उमाशंकर साहू, अजय राजपूत, मोती कोलाम, श्याम कोलाम सहित अन्य मौजूद रहे।

### सहकारी समिति में भी नहीं मिल रही राहत

किसानों का कहना है कि सहकारी समितियों पर खतौनी और आधार कार्ड के साथ लंबी प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी सिर्फ 2 बोरी यूरिया ही मिल पा रही हैं, जबकि एक लघु किसान को कम से कम 5 से 10 बोरी की आवश्यकता होती है। ऐसे में किसान को मजबूरी में निजी दुकानों का रुख करना पड़ता है।

### निजी दुकानदारों की मनमानी, कालाबाजारी जोरों पर

निजी दुकानों पर सरकारी दर 266 रुपए प्रति बोरी के बजाए 800-1000 रुपए प्रति बोरी वसूली जा रहा है। कुछ दुकानदारों ने जबरन यूरिया के साथ जिंक खरीदने की शर्त भी थोप दी है, जिससे किसानों की जेब और अधिक ढीली हो रही है। कई किसानों ने आरोप लगाया है कि दुकानदार यूरिया ब्लैक में बेच रहे हैं और प्रशासन की पकड़ से बाहर हैं।

### कृषि विभाग की लचर व्यवस्था पर सवाल

कृषि विभाग इस अव्यवस्था पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम दिखाई दे रहा है। किसानों का कहना है कि, प्रशासनिक निगरानी कमजोर है, जिससे निजी दुकानों पर ओवररेटिंग और कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा है।

**किसानों में आक्रोश, शासन से मांग-** स्थानीय किसान सत्या साहू ने प्रशासन और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। साथ ही ऐसे दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है, जो यूरिया की कालाबाजारी कर रहे हैं।

---

## जान जोखिम में डालकर स्कूल में बैठ रहे बच्चे



**जरहागांव।** जरहागांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत दशरंगपुर के किशनपुर प्राथमिक शाला भवन की स्थिति जर्जर है। इसकी जानकारी तब हुई जब सरपंच के पास सूचना गया कि बच्चे स्कूल में धमा चौकड़ी कर रहे है, और कोई शिक्षक भी नहीं है।

■ शिक्षा विभाग की चेतावनी के बाद भी नहीं थम रही लापरवाही

सरपंच ने मौके पर जाकर देखा तो, वहां हैरान करने वाला नजारा दिखा। स्कूल में कोई शिक्षक नहीं थे एवं बच्चे आपस में झगड़ रहे थे। जब अन्दर जाकर देखने पर बच्चे जर्जर भवन में बैठे हुए मिले। जहां, बच्चे बैठे थे उसके बगल वाला कमरा डिस्मेंटल के लायक हो गया है। भवन की छत से पानी टपक रहा था एवं कभी भी गंभीर हादसे की आशंका है। प्रधान पाठिका लिली कुजूर ने बताया कि सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं हड़ताल पर हैं। बच्चों को स्कूल बुलाया गया, ताकि वे मध्यान्ह भोजन ग्रहण कर घर जा सकें। जर्जर भवन में बच्चों को नहीं बैठाया जाएगा, उसके लिए अतिरिक्त कमरा है, जिसमें बच्चों को बैठाया जा रहा है। दशरंगपुर के सरपंच लक्ष्मी चन्द मोहले ने बताया कि अभिवावकों से सूचना पाकर जाकर देखा तो वहां कोई शिक्षक नहीं थे, केवल बच्चे थे। इतना ही नहीं बच्चे जर्जर भवन में बैठे हुए थे। भवन जर्जर हो चुका है एवं छत से पानी टपक रहा है, जिसकी जानकारी पंचायत को नहीं दी गई है। साथ ही शिक्षकों की हड़ताल के सम्बन्ध भी कोई जानकारी नहीं थी। बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है। स्कूल में न कोई सफाईकर्मी थे, न मध्यान्ह भोजन बनाने वाले।

### विभाग की हिदायत के बाद भी लापरवाही

जिला प्रशासन ने जिले की सभी विद्यालयों का निरीक्षण कर जर्जर भवन में बच्चों को ना बैठाने की सख्त हिदायत दी है। किशनपुर का प्राथमिक शाला भवन भी जर्जर हो चुका है, लेकिन वहां बच्चों को बैठाया जा रहा है। मामला और भी गंभीर तब हो जाता है, जब स्कूल में कोई शिक्षक उपस्थित ना हो।

### मना किया गया

दशरंगपुर के किशनपुर प्राथमिक शाला भवन का निरीक्षण किया गया है, वहां के जर्जर भवन में बच्चों को बैठाने सख्त मना किया गया है। शिक्षक हड़ताल पर हैं, मध्यान भोजन बनाने वाले बच्चों को भोजन कराकर छुट्टी देंगे।

\- जीतेंद्र कुमारा बावरे
विखं शिक्षा अधिकारी

---

## श्रीमद् भागवत कथा सभी कष्टों का हरण करने वाली: पं. रविश



**सकरी।** ग्राम सागर में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जहां कथा व्यास मंच से पं रविश पांडेय ने श्रीमद भागवत कथा के महातम्य का वर्णन किया। भागवत कथा के अंदर गोकर्ण धुंधकारी संवाद में हमें यही बताया गया है कि, जीवन भर धुंधकारी ने पाप किया, और क्रूर हरकतों और पापों के कारण धुंधकारी की मृत्यु के बाद उसकी आत्मा प्रेत योनि में भटकने लगी। बाद में गोकर्ण ऋषि ने उनके नाम से श्रीमद् भागवत कथा का गान किया, इससे उन्हें मुक्ति मिल गई। न्होंने कहा कि, जहां पर भागवत कथा होती है उस समय वहां पर सभी तीर्थ, नदियां, देवता विचरण करते हैं। उन्होंने कहा कि, श्रीमद भागवत कथा सभी कष्टों को दूर कर मनोकामना को पूर्ण करने वाली मोक्ष दायनी अमृत कथा है। जो इस कथा का पूरे मनोयोग से रसपान करते हैं वो भाग्यशाली होते हैं। सागर में श्रीमद भागवत महापुराण कथा रमाकांती शर्मा, सुभाष शर्मा एवं सुरेन्द्र शर्मा की स्मृति में मुख्य यजमान राधेश्याम शर्मा, कुसुम शर्मा, अंजली शर्मा, मांशू शर्मा द्वारा आयोजित की जा रही है। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में आसपास के भक्तजन में उपस्थित रहते हैं।

### 8 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया आरोपी

**तखतपुर।** अवैध रूप से बिक्री के लिए रखी कच्ची महुआ शराब को पुलिस ने जब्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि, मौहाडीह नया तालाब नहर के पास एक युवक अवैध रूप से बिक्री के लिए शराब रखा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने छापेमार कार्रवाई तर साल्हेकापा निवासी आरोपी अघनु पटेल के कब्जे से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम 34,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## महिला बाल विकास का रजत जयंती कार्यक्रम



**बिलासपुर।** परियोजना महिला बाल विकास सीपत में छग़ रजत जयंती महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष, सभापति, एवं सरपंच, शिक्षा विभाग से प्राचार्य, किशोरी बालिका, महतारी वंदन की महिलाएं, कार्यकर्ता, सहायिका एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाल मेला, पोषण मेला, ईसीसीई गतिविधियों की सामग्री, किशोरी बालिका सम्मान, नृत्य, गीत,व्यंजन प्रतियोगिता फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## सरकार सभी का पंजीयन करे या पूर्व की तरह खरीदे धान: अनिता



**बिलासपुर।** जिला पंचायत सदस्य अनिता राजेंद्र शुक्ल ने किसानों के हित के लिए राज्यपाल को चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में उन्होंने कहा है कि राज्य में किसानों का धान खरीदना ना पड़े इसलिए तरह-तरह के हथकंडे सरकार के द्वारा अपनाए जा रहे हैं। किसानों को परेशान करने के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करने के लिए कहा जा रहा है और सभी जगह रजिस्ट्रेशन में तकनीकी समस्या आ रही है। खासकर नगरीय निकाय क्षेत्रों में किसी भी किसान का पंजीकरण नहीं हो पा रहा है। 31 अगस्त आखिरी तारीख है किसानों को अगर पंजीकरण नहीं होगा तो किसान अपना समर्थन मूल्य पर धान नहीं बेच पाएंगे। ऐसी स्थिति में उन्होंने मांग की है कि इस तकनीकी समस्या को दूर कर किसानों की धान खरीदी में कोई दिक्कत ना आए इसलिए इसका सरलीकरण किया जाए। पंजीकरण की तारीख बढ़ाई जाए। नगरीय निकाय क्षेत्र के किसानों का पंजीकरण तत्काल किया जाए। ऐसा नहीं कर सकती है सरकार तो पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी किसानों का पूरा धान खरीदना चाहिए।

## रोजगार ही नहीं, आत्मनिर्भरता का मार्ग भी है बीमा क्षेत्र: डॉ खेर




**सीपत।** मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में शुक्रवार को पीएम ऊषा के करियर गाइडेंस गतिविधियों के अंतर्गत 'भारतीय जीवन बीमा निगम में रोजगार की संभावनाएं' विषय पर करियर गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ प्रदीप कुमार त्रिवेदी (शाखा प्रबंधक) एवं विभूति तिर्की (विकास अधिकारी), भारतीय जीवन बीमा निगम सेटेलाइट ऑफिस सीपत उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को भारतीय जीवन बीमा निगम की कार्यप्रणाली, पद संरचना, शैक्षणिक एवं कौशल योग्यता, भर्ती प्रक्रिया सहित बीमा व्यवसाय की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीवशंकर खेर ने कहा कि, आज के प्रतिस्पर्धी दौर में बीमा क्षेत्र युवाओं को न सिर्फ रोजगार का अवसर प्रदान करता है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता और सामाजिक सुरक्षा में योगदान का भी मौका भी देता है। छात्रों को चाहिए कि वे एलआईसी जैसे संगठनों में करियर बनाने की दिशा में गंभीरता से प्रयास करें। कार्यक्रम का संचालन डॉ राम प्रसाद चन्द्रा एवं भूपेन्द्र देवांगन ने किया। आभार प्रदर्शन जीवन प्रभाकर गोरे ने व्यक्त किया। इस अवसर पर पीएम-ऊषा नोडल अधिकारी डॉ आर एन पटेल, प्राध्यापक नीना वखारिया, श्वेता पंड्या, डॉ शुभ्रा मिश्रा, डॉ हेमपुष्पा नायक, शत्रुघन धृतलहरे, डॉ माधुरी व्यास, सुमन वर्मा, सृष्टि माखीजा, दीपेश जोशी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भीख मांगती मासूम बच्ची को अफसर नेताओं ने दिलाया शिक्षा का अधिकार

**सीपत।** नंगे पांव, फटे कपड़े और हाथ में कटोरा थामे मासूम बालिका सरकारी स्कूल के दरवाजे पर भीख मांग रही थी। वही स्कूल जहां, उसकी उम्र के बच्चे सपनों को पंख दे रहे थे। बालिका की बेबसी ने राहगीरों को तो अनदेखा कर दिया,

■ एसडीएम ने दिया माता–पिता को मिलेगा रोजगार दिलाने का निर्देश



लेकिन इस नजारे ने सीपत के नायब तहसीलदार देश कुमार कुर्रे और भाजपा नेता अभिलेष यादव व मन्नू सिंह ठाकुर के दिल को झकझोर दिया। उसी पल उन्होंने तय किया कि, यह बच्ची कटोरे से नहीं, किताबों से अपना भविष्य संवारेगी।

बालिका ने बताया कि वह छह भाई-बहन है, उसने बताया कि, उसके मां-पापा और बड़ा भाई कबाड़ी चुनते हैं, औ वह अपने 4 छोटे भाई-बहनों के साथ भीख मांगती है। यह सुनते ही वहां मौजूद हर शख्स की आंखें भर आईं। नायब तहसीलदार ने तुरंत बच्ची को नई चप्पल दिलाई और भाजपा नेता अपनी गाड़ी में बैठाकर सीपत के नवाडीह चौक स्थित शासकीय प्राथमिक शाला ले गए। स्कूल स्टाफ ने नायब तहसीलदार के कहने पर उसका नाम दर्ज किया और उसे किताब, कॉपी, पेन व नई ड्रेस दी गई। पहली बार अपने लिए नई चीजें पाकर बालिका की आंखों में वही चमक लौट आई, और उसने रौज स्कूल नहीं आने का वादा किया। इसके बाद बालिका को तहसील कार्यालय लाया गया। गुरुवार को लिंक कोर्ट में मौजूद एसडीएम प्रवेश पैकरा ने परिवार का सर्वे कराने, राशन कार्ड बनवाने और माता–पिता को रोजगार दिलाने का आदेश पंचायत सचिव को दिया। तहसीलदार सोनू अग्रवाल ने भी भरोसा दिलाया कि मौके पर सर्वे कराकर हर संभव मदद की जाएगी। वहीं भाजपा नेता अभिलेष यादव और नायब तहसीलदार देश कुमार ने बालिका को निजी ट्यूशन दिलाने और ऐसे अन्य बच्चों को ढूंढकर शिक्षा से जोड़ने का संकल्प लिया। मंडल उपाध्यक्ष अभिलेश यादव ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश का कोई बच्चा अशिक्षित न रहे। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हर गली–मोहल्ले से ऐसे बच्चों को पहचानकर उन्हें स्कूल से जोड़ा जाए।

## ताइक्वांडो चैंपियंस में शुभांगी और कलश ने जीते गोल्ड



**सीपत।** सीपत क्षेत्र ने एक बार फिर खेल मैदान में अपनी ताकत और प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विरानी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल सीपत के होनहार छात्र-छात्रा शुभांगी पाण्डेय एवं कलश केवट ने संभाग स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। अब वे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सीपत का प्रतिनिधित्व करेंगे। जीपीएम में आयोजित प्रतियोगिता में बिलासपुर, जांजगीर, शक्ति, मुंगेली, कोरबा, जीपीएम, रायगढ़ और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जैसे जिलों से आए खिलाड़ियों के बीच दोनों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से मैदान में दबदबा बनाया। निर्णायक मुकाबले में दमदार प्रदर्शन कर गोल्ड जीतने के बाद इनका राज्य स्तरीय चयन हुआ। शुभांगी और कलश की इस उपलब्धि पर पूरा सीपत गौरवान्वित है।

**न्यायालय तहसीलदार सरगांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202508251000037/ अ–70/2024–25, ग्राम–मोहभट्ठा, प.ह.नं. 13

// दैनिक समाचार-पत्र के माध्यम से नोटिस //

प्रति,
1. सीताराम वर्मा पिता स्व. बलदेव वर्मा, 2. अर्जुन वर्मा पिता स्व. बलदेव वर्मा, 3. श्रीमति कौशिल्या बाई पति अर्जुन वर्मा, 4. श्रीमति तीज बाई पति स्व. सहदेव वर्मा, 5. निर्मल वर्मा पिता स्व. सहदेव वर्मा, सभी जाति कुर्मी, निवासी ग्राम मोहभट्ठा, तहसील सरगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.).....अनावेदकगण.........

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक सुभाष जोशी पिता गणेश जोशी, जाति सतनामी, निवासी ग्राम मोहभट्ठा, तहसील–सरगांव, जिला–मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मोहभठा, प.ह.नं. 13, तहसील सरगांव, जिला–मुंगेली (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर 775/8 रकबा 0.0170 हेक्टेयर भूमि आवेदक सुभाष जोशी एवं बड़े भाई सुरेश जोशी के संयुक्त नाम पर राजस्व–अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि संयुक्त खाता में दर्ज है, जिसमें अनावेदकगण के द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। उक्त वाद भूमि में आवेदक के द्वारा कब्जा दिलाए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 03/09/2025 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 20/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार-सरगांव
तहसील-सरगांव

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रेमचंद नारवानी निवासी राजेन्द्र नगर एवं नंद किशोर देवांगन निवासी जूना बिलासपुर के स्वामित्व हक की भूमि मौजा चांटीडीह प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. सरकंडा वि.खं. बिल्हा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. नगर निगम सीमा क्षेत्र बिलासपुर के वार्ड नं. 47 ठाकुर देव नगर में स्थित खसरा नं. 201/23 में से 1575 वर्गफीट भूमि खरीदने का पक्का सौदा श्रीमती दीपाली सिंह पिता श्री शशिकुमार सिंह निवासी वार्ड नं. 31/81 आदर्श बस्ती इंद्रा नगर वार्ड बिलासपुर द्वारा किया गया है जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है। उत्तर में 20 फीट निस्तारी रास्ता पश्चिम में 20 फीट निस्तारी रास्ता दक्षिण में हेमंत साहू की भूमि एवं पूर्व में विक्रेता की बचत भूमि है। जिसका पंजीयन शीघ्र किया जाना है। इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति बैंक संस्था शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 06 दिवस के भीतर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गयी किसी भी प्रकार की कोइ भी आपत्ति अमान्य होगी।
सो सूचना जाने

भवदीय
अभिजीत सिंह चौहान
बी-9 प्रगति विहार, बहतराई रोड
बिलासपुर, संपर्क:- 8827884407

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली, जिला मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**ईशतहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ–2/2024–25
ग्राम धरमपुरा, तहसील व जिला मुंगेली

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक राजेन्द्र कुमार साहू पिता स्व. चैनराम साहू निवासी ग्राम धरमपुरा तहसील व जिला मुंगेली द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम धरमपुरा तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि ख.नं. 469/2 रकबा 0.012 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने संबंधी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा/ आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/ आपत्ति पत्र स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 05.09.25 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 21.08.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी-श्री विजेन्द्र सोनवानी)

प्रकरण क.–31/2025
आदेश दिनांक 06/08/2025
पेशी तारीख 17/9/25
प्रोसेस क्रमांक 147/25

पार्वती ठाकुर ... आवेदिका
विरुद्ध
आम जनता वगैरह ...अनावेदकगण
आम जनता ... अनावेदक क्र. 01

आपके विरूद्ध इस न्यायालय में आवेदिका के द्वारा सक्शेसन प्र.क्र.–31/2025 प्रस्तुत की गई है जिसकी आगामी पेशी तिथि 17/09/2025 है आपको इस न्यायालय में दिनांक 17/09/2025 को समय 11:00 बजे उक्त प्रकरण का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये नोटिस / समंस का प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं / रीडर या अधिवक्ता के द्वारा उपसंजात / उपस्थित हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस आवेदन से सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके तथा उन सभी दस्तावेजो को पेश करने के लिये तैयार रहे जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है।

इस समंस/नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस उक्त तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं हो सकेगें तो आपके विरूद्ध उक्त प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये दावा का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते हैं या किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख 17/09/2025 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक 20/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान-बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक- 20/08/25

(विजेन्द्र सोनवानी)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं वृजेन्द्र कुमार चन्देल (Vrijendra Kumar Chandel), पता:– वार्ड नं. 04, ग्रा. ढेंका (नयापारा), पों.–दर्रीघाट, थाना तोरवा, जिला बिलासपुर (छ:ग) का निवासी हूँ। मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेज व आधार एवं पेन कार्ड में मेरा नाम वृजेन्द्र कुमार चन्द्राकर (Vrijendra Kumar Chandrakar) दर्ज था। वर्तमान में आधार व पेन कार्ड में नाम परिवर्तन करा कर वृजेन्द्र कुमार चन्देल कराया गया है। ये दोनो नाम मेरे ही है और भविष्य में मुझे वृजेन्द्र कुमार चन्देल के नाम से ही जाना जावे।

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास योजना एल.आई.जी.–130 सैदा सकरी जिला बिलासपुर श्रीमती राजलक्ष्मी सराफ पति श्री लक्ष्मीकांत सराफ के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनाँक 16.08.2012 को करा लिया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन द्वितीय क्रेता श्री ज्ञानरंजन सुतार पिता श्री बीरबर सुतार को विक्रय करना चाहते है। आबंटी द्वारा उक्त भवन विक्रय करने हेतु विक्रय अनापति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन दिनॉक 25.07.2025 को कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

किसी ब्यक्ति, शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल आवास, झल्फा (बिल्हा), बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक अटल आवास–51 मूल आबंटी श्रीमती संगीता साहू पति श्री हेमंत कुमार साहू के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 05.12.2017 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 29.07.2025 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को नाम श्री मन्नू यादव पिता श्री अर्जुन यादव के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/ बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस/समंस**

रितेश जुनेजा.....आवेदक
विरूद्ध
रश्मि गुरूदत्ता वगैरह.....अनावेदकगण

प्रक.क्र.– 262/2025
प्रो.क्र.– 148/25
आदेश दि.–13/08/25
पेशी ता.–11/09/2025

प्रति, आम जनता, (जिसका हित हो)
आवेदक द्वारा इस न्यायालय में विधिक वारिसान की घोषणा हेतु वाद प्रस्तुत किया है जिसकी पेशी दिनांक 11/09/2025 को नियत है। आपको इस ईश्तहार/ नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 11/09/2025 को प्रातः 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने ऐसे किसी प्लीडर के साथ उपस्थित होवें जिसे प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी हो, जो आवेदक द्वारा प्रस्तुत वाद का जवाब दे सके, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में मामले की एकतरफा सुनवाई कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अस्तु सूचित हो।
आज दिनांक 21/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया। दिनांक– 21/8/25
स्थान–बिलासपुर

(विजेन्द्र सोनवानी)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बिलासपुर (छ.ग.)

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 23 अगस्त 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

## नेत्र विशेषज्ञों का 2 दिवसीय सम्मेलन आज, 150 विशेषज्ञ लेंगे भाग

**बिलासपुर।** नेत्र विशेषज्ञों एकॉइन का सम्मेलन नेत्र विशेषज्ञ एसोसिएशन आफ कम्युनिटी ऑप्थैल्मोलॉजिस्ट ऑफ इंडिया के व सिम्स मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में सिम्स ऑडिटोरियम में नेत्र विशेषज्ञों का दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया है।



सम्मेलन का शुभारंभ शनिवार को किया जाएगा, एकॉइन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नेत्र विशेषज्ञ डॉ एलसी मढ़रिया ने बताया इस 2 दिवसीय सम्मेलन में लगभग 150 नेत्र विशेषज्ञ भाग लेंगे और सिम्स के नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सुचिता सिंह ने बताया के सम्मेलन की पूरी तैयारी हो गई है आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ संजय मेहता ने बताया है इस सम्मेलन में अंधत्व से बचने के उपायो के रिसर्च पेपर पढ़ें जाएंगे। एकॉइन राष्ट्रीय सचिव डॉ सपन सामंता सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे, इसमें कांचबिंद, मोतियाबिंद बच्चों के मायोपिया,डायबिटीज, से होने वाले अंधत्व से बचने की नई तकनीकी के बारे में जानकारी दी जाएगी। उपरोक्त जानकारी आयोजन समिति के सचिव डॉ देवेश खांडे द्वारा दी गई है, इस सम्मेलन में भाग लेने नागपुर,उड़ीसा,उत्तर प्रदेश, भारत के अन्य राज्यों के नेत्र विशेषज्ञ प्रोफेसर रहेंगे। इस मौके पर डॉ प्रो जीएस दास उड़ीसा, डॉ प्रो.राकेश शर्मा अमेठी, डॉ प्रो ओ पी बिल्लौरे इंदौर, डॉ प्रो.पी के मुखर्जी रायपुर, व डॉ. प्रो. एसएल आदिले रायपुर अतिथि के रूप में आ रहे हैं और अपना व्याख्यान देंगे।

धर्म-क्षेत्र

## भादों मावस में सजा राणी शक्ति का दरबार, आज होगी भजन संध्या



**बिलासपुर।** श्री राणी सती दादी भादी मावस पर्व महोत्सव के उपलक्ष्य में दादी मंदिर में तीन दिवसीय कार्यक्रम जारी हैं। प्रगति प्रिया के सानिध्य में संगीत मय मेंहदी उत्सव हुआ, शुक्रवार को शीतल कटारुका द्वारा भव्य संगीतमय मंगल पाठ का आयोजन किया गया। इस मंगलपाठ में निशा ललित अग्रवाल, सीमा सरावगी, हनी मयंक अग्रवाल सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हुए। शनिवार को मुख्य आयोजन मंगला आरती के साथ जात एवं धोक पूजा, सवामणी प्रसाद, संध्या में निकिता शर्मा द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। रात्रि में भोजन प्रसाद की भी व्यवस्था की जा रही हैं। अशोक अग्रवाल, लक्ष्मण खेड़िया, ब्रजेश अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, अजय अग्रवाल ने आमजनता से मंदिर परिसर रिंग रोड 2 में सपरिवार सादर आमंत्रित किया हैं।

कार्यक्रम

## अचीवर्स स्कूल के बच्चों ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बिलासपुर।** गतौरी स्थित अचीवर्स पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को प्रकृति पर समर्पित रहा। जिसमें शाला के सभी बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधों का रोपण किया गया। स्कूल में कक्षा पहली से ग्यारहवीं तक के बच्चों ने शिक्षिकाओं के साथ पौधारोपण कर प्रकृति और वातावरण को सुरक्षित कर एक जागरुक नागरिक की भूमिका निभाई। शाला के प्रत्येक सदस्य द्वारा यह संकल्प लिया कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर हम अपनी धरती को हरा भरा बनाए रखेंगे। शाला की प्राचार्या प्रीति चौहान ने एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। शाला की उपप्राचार्य मिंकू मिश्रा ने बताया वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से हम बच्चों को एक साथ काम करना व सामाजिक बंधनों को मजबूत बनाना सीखाते है। इस अवसर पर शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

शिविर

## मिडटाउन संस्था ने रक्तदान के लिए लोगों को किया जागरूक



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन की रक्तदान विषय की माइक्रो चेयरपर्सन संध्या पांडेय ने गांधी चौक स्थित रामकृष्ण अस्पताल में लोगों को रक्तदान एक जीवन रक्षक महादान के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सर्जरी, दुर्घटना, कैंसर एवं थैलेसीमिया जैसी बीमारियों से पीड़ित रोगियों की जीवन बचाने के लिए रक्तदान कितना आवश्यक होता है। साथ ही यह रक्तदाताओं को भी कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, इसलिए रक्तदान को जीवन से जोड़ कर रक्तदान करें। इस दौरान रक्तदान जानकारी से संबंधित पंपलेट का भी वितरण कर ब्रेड, बिस्किट, जूस दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष आरती साहू, संध्या पांडेय, सुलोचना सिंह बघेल, रचना ताम्रकार उपस्थित रही।

दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को अनेक योजनाएं समय-समय पर संचालित की जाती है, इसी तारतम्य में डीपीएस करियर एक्सपो कोऑर्डिनेटर एजुकेट इंडिया कैलाश नेगी के बैनर तले आयोजित किया गया। डीपीएस के छात्र पढाई पूरी करने के बाद अच्छे प्रोफेशनल कोर्स और कॉलेज की संपूर्ण जानकारी के उद्देश्य से एजुकार्ट इंडिया के बैनर तले भारत के प्रतिष्ठित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी लेकर अनेक यूनिवर्सिटी प्रतिनिधियों ने स्टॉल लगाए। हर स्टॉल पर अलग-अलग विश्वविद्यालयों ने विद्यार्थियों की शंका का समाधान किया। इसमें आनंद महिंद्रा के महिंद्रा यूनिवर्सिटी ने स्कूल मैनेजमेंट, स्कूल आफ लॉ स्कूल आफ एजुकेशन, डिजिटल मीडिया एजुकेशन, स्कूल डिजाइन एजुकेशन जैसे विषयों से अवगत कराया।




## डीपीएस में छात्रों के लिए कॅरियर एक्सपो प्रोफेशनल कोर्स के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आर व्ही यूनिवर्सिटी बेंगलुरु से दीपांशु ने अपने यहां के संचालित कोर्स के बारे में बताया। मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर से प्रोफेसर नवदीप कौर छाबड़ा एवं डॉ घनश्याम साकार ने 400 से अधिक विषयों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य की पहली निजी यूनिवर्सिटी है जो नेक ए प्लस ग्रेड प्राप्त है। अहमदाबाद गुजरात से सिल्वर ओक यूनिवर्सिटी से मयूर मेघानी और अमन भारती ने 150 से अधिक कोर्स की जानकारी देते हुए 50 प्रतिशत छात्रवृत्ति और छात्रावास की जानकारी के अलावा सिविल एविएशन की जानकारी से अवगत कराया। संस्था से कार्यक्रम संयोजक रविंद्र नाथ भटनागर और कार्यक्रम संचालिका संगीता उपाध्याय रही। संस्था के विद्यार्थियों ने इस आयोजन के लिए संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह और संस्था प्रबंधन को बहुत-बहुत बधाइयां देकर आभार व्यक्त किया।










### फिल्म मेकिंग व ग्राफिक डिजाईन में स्कोप को बताया

चाणक्य यूनिवर्सिटी,बंगलुरू से प्रशांत त्रिपाठी,एमएमआरडीए से अनुराग श्रीवास्तव, कलिंग यूनीवर्सिटी, पिंपरी चिंचवड़ यूनीवर्सिटी,पुणे से भार्गव, ग्राफिक एरा यूनीवर्सिटी बिहार झारखंड से विवेक,आंजनेय यूनिवर्सिटी रायपुर से अंकित शुक्ल ने फिल्म मेकिंग की जानकारी दी। पारुल यूनिवर्सिटी वडोदरा,गुजरात से प्रदीप गुप्त,एसआरएम यूनिवर्सिटी आंध्र प्रदेश से गुरु कल्याण अलायंस यूनिवर्सिटी से अर्पिता और के.के. यूनिवर्सिटी दुर्ग से राहुल शुक्ल ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## शुभ संयोग के साथ 26 को मनाई जाएगी हरतालिका तीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस साल हरतालिका तीज मंगलवार 26 अगस्त को मनाई जाएगी। इस दिन व्रती महिलाएं देवी पार्वती और भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा करेंगी। इस व्रत के दिन कई शुभ संयोग बन रहे हैं। व्रतियों द्वारा इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है। बाजार में भी गुलजार होने लगा है।

हरतालिका तीज भगवान शिव और देवी पार्वती को समर्पित पर्व है। जिसे भाद्र पद महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाएगी। इस दिन महिलाएं पति की लंबी आयु और सुखी जीवन के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। साथ ही सुख-समृद्धि की कामना करते हुए विधि-विधान से शिव-पार्वती की आराधना की जाएगी। शास्त्रों के अनुसार हरतालिका तीज महादेव और पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक है। वहीं कन्याएं मनचाहा जीवनसाथी पाने की कामना के साथ व्रत रख कर शिव पूजा में लीन रहेगी। महिलाएं अपने पसंद की साड़ी, सूट खरीदने हर दिन कपड़ा मार्केट पहुंचने लगी हैं। निक्की पाण्डेय सरकंडा ने बताया कि इस समय सबसे ज्यादा डोला सिल्क, सिफॉन, विशाल, ब्रासो, लक्ष्मीपति, सुभाष, पटोला सिल्क, चंदेरी, आर्गेंजा, बांधनी, कोसा साड़ी चलन में है और यही महिलाओं का पसंदीदा भी है।



**बाजार की बढ़ी रौनक** तीज पर्व को देखते हुए बाजार की भी रौनक बढ़ गई है। तीज पर्व में मेहंदी से हाथ न रचे यह तो हो ही नहीं सकता है। वहीं पूजा में चढ़ाने सुहाग सामग्री की भी जरूरत पड़ती है, इसलिए मेहंदी, सुहाग सामग्री की मांग बढ़ गई है। सभी अपने पसंद का शॉप पहुंच कर खरीददारी कर रही हैं। वहीं पार्लर जाने दिन की बुकिंग करा रहीं हैं।

### बनाई जाएगी मिट्टी से शिव लिंग

व्रती महिलाएं मिट्टी से शिव लिंग बनाकर उसकी पूजा कर जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक करेंगी। मान्यता है कि ऐसा करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। हिंदू पंचांग के अनुसार तृतीया तिथि 25 अगस्त को दोपहर 12 बजकर 35 मिनट से शुरू हो जाएगी और इसका समापन अगले दिन 26 तारीख को दोपहर में 1 बजकर 55 मिनट पर होगा। तृतीया तिथि उदयाकाल में 26 अगस्त को पड़ने के चलते हरतालिका तीज का व्रत 26 अगस्त को ही रखा जाएगा।

### सजेगा फूलेरा

तीज व्रत में फूलों से तैयार फूलेरा का बड़ा महत्व होता है। पूजा के समय इसे बीच में लगा कर महिलाएं ग्रुप में पूजा करेंगी और बीच-बीच में इसे व्रती हिलाते रहेंगी। फूलेरा लगाने से पूजा स्थल की रौनक बढ़ जाती है।

## डॉ रश्मि ने मिट्टी से बनाई श्री गणेश जी की मूर्ति



**बिलासपुर।** विकास नगर बाजपेयी चैंबर निवासी डॉ रश्मि चन्द्र शेखर बाजपेयी ने घर पर ही मिट्टी से गणेश जी की प्रतिमा का निर्माण किया, डॉ रश्मि जंगल मितान व नारीशक्ति की वरिष्ठ सदस्य हैं, उनका कहना हैं कि हम घर पर बैठने वाले गणेश की मूर्ति का निर्माण पर्यावरण को देखते हुए मिट्टी से करें, विसर्जन भी घर पर गमले में करें। उस पर एक पौधा लगाएं और पर्यावरण को सुरक्षित रखें। कृपया पन्नी का उपयोग बंद करें अपने पुराने कपड़ों से सिले थैले का उपयोग करें, अधिक से अधिक पौधारोपण करें व उसे सुरक्षित रखें। पूजा में उपयोग होने वाली सामग्री को नदी नाले तालाब में विसर्जित न करें, गमले में डाल कर खाद बनाएं व उसका उपयोग पेड़ पौधों में करें, पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहयोग करें।

## पदम योग में शनि व कुशोत्पाटिनी अमावस्या, मंदिरों में गूंजेंगे शनि मंत्र



**बिलासपुर।** भाद्रपद की शनि अमावस्या शनिवार को मनाई जाएगी, इस अवसर पर शहर के कई मंदिरों में आयोजन प्रारंभ हो गए हैं। साल की इस अंतिम शनि अमावस्या पर पदम योग बन रहा है, जो इसे विशेष और दुर्लभ बनाता है। इस संयोग में शहर के विभिन्न शनि मंदिरों में अभिषेक, पूजन, हवन और पूर्णाहुति जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। शनिदेव का तेल से अभिषेक किया जाएगा, साथ ही श्रद्धालुओं को अभिमंत्रित अंगूठियां भी वितरित की जाएंगी। पंडितों का कहना है कि भाद्रपद कृष्ण पक्ष की शनि अमावस्या को कुशोत्पाटिनी अमावस्या भी कहा जाता है, जिससे इसका धार्मिक महत्व और बढ़ जाता है। इस दिन को पितृपक्ष की तैयारी का आरंभिक दिन भी माना जाता है। पंडित अवधेश शुक्ल ने बताया कि कुशोत्पाटिनी अमावस्या पर विशेष मंत्रोच्चार के साथ कुशा घास को जंगल या बगीचों से तोड़ा जाता है। यह कुशा आगामी पितृपक्ष के 16 दिनों तक तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कर्मों में उपयोग की जाती है। कुशा को 'कांस' भी कहा जाता है, पंडितों के अनुसार इसके बिना पितृकार्य अपूर्ण माने जाते हैं। पंडित ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि अमावस्या को विधिपूर्वक निकाली गई कुशा पवित्र और शुद्ध रहती है। शास्त्रों के अनुसार, तीर्थ स्नान, संध्योपासन, पूजन, जप, होम, तर्पण और पितृकर्म जैसे कार्यों में पवित्री धारण करना अनिवार्य होता है। इसी कारण कुशा का यह दिन विशेष महत्व रखता है।

## गीत-संगीत के साथ महिलाओं ने मनाया तीज मिलन समारोह

आनंद सागर सेवा प्रवाह के सदस्यों ने सुंदरकांड पाठ के साथ तीज मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें प्रत्येक सदस्यों ने गीत-संगीत के साथ तीज पर आधारित भजन गाया। डॉ सुषमा पंड्या ने सभी को खुरमी, ठेठरी और सुहाग सामग्री वितरित कर पूजा-अर्चना की।

संस्था की अध्यक्षा डॉ पंड्या ने हरितालिका तीज के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि भाद्र पद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज का व्रत 26 अगस्त को मनाया जाएगा। इसके मद्देनजर शहर की महिला संगठनों द्वारा तीज मिलन समारोह आयोजित किया जाने लगा है। इसी क्रम में उनका भी यह आयोजन हुआ है। उन्होंने बताया कि हिंदू धर्म में हरतालिका तीज का अत्यंत महत्व है। यह व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर रखती हैं। यह पर्व उत्तर भारत में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। मान्यता है कि इसी दिन माता पार्वती ने कठिन तपस्या कर भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया था। नंदिनी तिवारी ने छत्तीसगढ़ के लोक पर्व पोरा के संबंध में बताया कि यह दिन किसानों के लिए खास रहता है। इस दिन वे लोग बैलों की पूजा कर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। शांति लकड़ा ने तीज पर्व पर बनने वाले विभिन्न प्रकार के छत्तीसगढ़ी पकवानों के बारे में बताया और कहा कि यह पकवान प्रायः सभी घरों में बनता है। छत्तीसगढ़ी पकवानों को खाने का मजा ही कुछ और रहता है। यह व्रत सुहागिन महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य और पति की लंबी आयु की कामना के लिए करती हैं।



**सोलह श्रृंगार कर पहुंची सखियां**

### किया सुंदरकांड पाठ, कीर्तन

समारोह के दौरान सुंदर कांड पाठ कर वाद्य यंत्रों की धुन पर भजन, कीर्तन किया गया। इसमें भगवान शिव व पार्वती पर आधारित भजन गाए गए। ज्ञात हो कि सुहागिन महिलाएं इस दिन निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करेंगी।

समारोह में संस्था से जुड़ीं प्रत्येक सदस्यों ने सोलह श्रृंगार कर पहुंचीं। विविध तरह के गेम, पकवानों का आनंद उठाया। शामिल होने वाली इन सदस्यों में नीलिमा गुलहरे, उषा पटेल, सीमा सिंह, सुलोचना देवांगन, उषा बाजपेई, नीरा रायजादा एवं अन्य सदस्य प्रमुख रहीं।

स्पोर्ट्स न्यूज

### एसईसीएल में अंतर-क्षेत्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन

## एसईसीएल परिवार में खेल संस्कृति होगी जीवंत : सीएमडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल मुख्यालय स्थित न्यू वसंत विहार बैडमिंटन कोर्ट में तीन दिवसीय अंतर-क्षेत्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन, ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं होते, बल्कि ये अनुशासन, टीम भावना और आपसी सहयोग जैसे मूल्यों को भी बढ़ावा देते हैं। एसईसीएल मुख्यालय में यह प्रतियोगिता लंबे अंतराल के बाद आयोजित हो रही है, और मुझे विश्वास है कि यह टूर्नामेंट एसईसीएल परिवार में खेल संस्कृति को और अधिक सशक्त एवं जीवंत बनाएगा। समापन समारोह में निदेशक तकनीकी एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास, निदेशक वित्त डी सुनील कुमार एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन उपस्थित रहे। श्रमसंघ प्रतिनिधियों में अजय विश्वकर्मा, एके पाण्डेय, बजरंगी शाही, महेन्द्रपाल सिंह, अमृत लाल विश्वकर्मा, राजेश शर्मा, पी चंद्रकान्त, संजय सिंह, बी धमाराव,जीएस प्रसाद उपस्थित रहे।



### 55 प्लस में मनोज रहे विजेता

वेटरन 55 प्लस वर्ग में पुरुष एकल का खिताब मनोज चोरसिया ने जीता जबकि संतोष भोई उपविजेता रहे। इसी श्रेणी के युगल मुकाबले में एस.एस. सोनी और विनोद सिंह विजेता बने तथा संतोष भोई और अर्शद खान की जोड़ी उपविजेता रही। टीम चैंपियनशिप में हसदेव क्षेत्र ने विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जबकि मुख्यालय बिलासपुर की टीम उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता में एसईसीएल के 13 क्षेत्रों, 2 वर्कशॉप्स और मुख्यालय की कुल 16 टीमों से 120 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### पुरुष एकल वर्ग में हसदेव क्षेत्र के अंशुमन विजेता

पुरुष युगल मुकाबले में एसईसीएल मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन ने अंशुमन घोष के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए विजेता स्थान हासिल किया, वहीं अभिषेक द्विवेदी और अंकित दुबे की जोड़ी उपविजेता रही। महिला एकल वर्ग में कोरबा क्षेत्र की मेघा राय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और गेवरा की बबीता पटवाल उपविजेता बनीं। महिला युगल में मेघा राय और रजनी दास की जोड़ी विजेता रही, जबकि विनोदनी और जानकी सिंह की जोड़ी उपविजेता रही। वेटरन 45प्लस वर्ग में भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पुरुष एकल में मुख्यालय बिलासपुर के नेलसन जतिन कुमार विजेता रहे और दीपका क्षेत्र के दीपक मुखर्जी उपविजेता बने। युगल मुकाबले में नरेश प्रसाद कुमार और अमरजीत सिंह ने खिताब जीता, जबकि शिवादित्य त्रिपाठी और दीप भ्रमचारी की जोड़ी उपविजेता रही।

## खबर संक्षेप

### रेल मंत्री ने दिया सारनाथ का बिल्हा में स्टापेज



**बिलासपुर।** केन्द्रीय राज्यमंत्री और सांसद तोखन साहू की मांग पर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस का स्टापेज बिल्हा स्टेशन में देने का आदेश दिया है। बिल्हा रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 15159/15160 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस के ठहराव की मांग को लेकर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने रेल मंत्री से मुलाकात कर ठहराव की आवश्यकता बताई। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी ने 11 अगस्त को भेजे अपने उत्तर में सूचित किया कि इस प्रस्ताव पर संबंधित अधिकारियों को संचालन संबंधी व्यवहार्यता परीक्षण करने के निर्देश दे दिए गए हैं। जोच रिपोर्ट अनुकूल आने पर आवश्यक कार्यवाही शीघ्र की जाएगी। तोखन साहू ने कहा है कि बिल्हा क्षेत्र और आसपास के यात्रियों की यह वर्षों पुरानी मांग रही है। सारनाथ एक्सप्रेस के ठहराव से यात्रियों को बड़ी सुविधा प्राप्त होगी और क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।

### आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत



**बिलासपुर।** सीपत क्षेत्र के गांव मटयारी में खेत में काम करने गए युवक की मौत हो गई। पंधी गांव का रहने वाला युवक ओमप्रकाश सूर्यवंशी (21) वर्ष गुरूवार की सुबह खेत में काम करने गया था, इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार ओमप्रकाश सूर्यवंशी और उसके परिजन ठेके पर खेत में काम करते हैं, गुरूवार की सुबह वह मटियारी में निजी खेत में थरहा लगाने का काम कर रहे थे, ओमप्रकाश इस दौरान मेड़ पर खड़ा हुआ था, अचानक आसमान में तेज बिजली कड़कने लगी, जिससे देख सभी घबरा गए, देखते-देखते आसमान बिजली की चपेट में युवक आ गया और उसका पूरा शरीर जल गया। परिजनों ने उसे सिम्स में इलाज के लिए लाया लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### इतवारी से शालीमार के बीच चलेगी दुर्गा स्पेशल ट्रेन

**बिलासपुर।** नवरात्रि और दुर्गा पूजा में होने वाली भीड़ को कम करने के लिए रेलवे ने इतवारी से शालीमार के बीच दुर्गा पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन का परिचालन 27 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक पांच फेरों के लिए किया जाएगा। गाड़ी संख्या 08865 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से शालीमार पूजा स्पेशल ट्रेन नेताजी सुभाष चंद्र बोस से 27 सितम्बर से एक अक्टूबर तक और 08866 शालीमार से नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी पूजा स्पेशल ट्रेन शालीमार से 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाई जाएगी। इस पूजा स्पेशल ट्रेन में दो एसएलआर, पांच सामान्य कोच, आठ स्लीपर, दो एसी-थ्री, एक एसी टू सहित 18 कोच की सुविधा होगी। इतवारी से ट्रेन 17.10 बजे रवाना होने के बाद गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा होते हुए बिलासपुर देर रात 00.35 बजे पहुंचकर चांपा, रायगढ़, झारसुगुड़ा, राउरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर, खड़कपुर, सांतरागाछी होकर शालीमार दूसरे दिन दोपहर 14.00 बजे और शालीमार से शाम 18.00 बजे रवाना होकर बिलासपुर दूसरे दिन सुबह 7.25 बजे होते हुए इतवारी दोपहर 15.35 बजे पहुंचेगी।

**लोगों को आने जाने में हो रही असुविधा** राज्य शासन ने बताया कि, बिलासपुर में 9 में से 5 सिटी बसें चल रही, अगली सुनवाई 10 सितंबर को

# सिटी बस सेवा ठप, हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा- कब तक पटरी पर लौटेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



छत्तीसगढ़ में शहरी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की बदहाली को लेकर हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है।

सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने बताया कि, बिलासपुर में 9 में से 5 सिटी बसें चल रही है। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि, आवाजाही में लोगों को लगातार असुविधा हो रही है फिर भी परिवहन व्यवस्था नहीं सुधर रही है। हाईकोर्ट ने शासन से पूछा है कि आखिल सिटी बस सेवा पूरी तरह कब तक पटरी पर आ जाएगी। शासन की तरफ से सुविधा के लिए ई-सिटी बसों का परिचालन जल्द शुरू करने की जानकारी हाईकोर्ट में दी गई है। इस जानकारी पर हाईकोर्ट ने असंतोष जताते हुए कहा कि, बिलासपुर जैसे बड़े शहर में सार्वजनिक परिवहन की हालत बेहद खराब है। कोर्ट ने परिवहन विभाग को स्थिति में जल्द सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 10 सितंबर को होगी।

दरअसल, सिटी बसों की बदहाली को लेकर हाईकोर्ट स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई कर रहा है। पूर्व में परिवहन सचिव को शपथ पत्र के साथ जवाब मांगा गया था। शासन की तरफ से बताया गया कि, प्रदेश में शहरी परिवहन व्यवस्था साल 2012-13 में शुरू की गई थी। जिसके तहत 9 शहरी समूहों में कुल 451 बसें शुरू की गई थीं। बिलासपुर के लिए 9 बसें उपलब्ध थीं। जिनमें 6 अभी चालू हालत में हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 5 बसें ही सड़कों पर चल रही हैं। बाकी बसें मरम्मत के बाद सेवा में लौटेंगी।

राज्य सरकार ने अपने शपथपत्र में बताया कि, कोविड महामारी और देशव्यापी लॉकडाउन के कारण साल 2020-2021 में सिटी बसों का संचालन बंद कर दिया गया था। इसके चलते कई बसें खड़ी-खड़ी खस्ताहाल हो गईं और अब उनमें से अधिकांश मरम्मत की स्थिति में नहीं हैं। ये बसें साल 2014-15 में शुरू की गई थीं और लगभग 10 साल पुराने हो चुके हैं।

### दिवाली में दौड़ सकती हैं इलेक्ट्रिक बसें

कोर्ट में शासन की ओर से दिए गए शपथ पत्र के अनुसार, भारत सरकार की प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत छत्तीसगढ़ के चार प्रमुख शहरों दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर और कोरबा के लिए 140 इलेक्ट्रिक बसें स्वीकृत की गई हैं। रायपुर के लिए अलग से 100 मिडी बसों की मंजूरी दी गई है। कुल मिलाकर राज्य में 240 इलेक्ट्रिक बसों चलाने की योजना है। बिलासपुर में इसका काम तेजी से चल रहा है और दिवाली में ई बसें सड़कों पर दौड़ सकती हैं। .इसके साथ ही देशभर में 4,588 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए 14 मार्च 2024 को एकीकृत निविदा जारी की गई है। छत्तीसगढ़ को इस योजना के तहत 67.40 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है, जिसमें 36.62 करोड़ रुपए बस डिपो और बीटीएम विद्युत अवसंरचना के लिए हैं।

### निगम ने कंपनी का ठेका निरस्त कर दिया

इधर निगम की बात करें तो दो साल यानी 2023 से 2025 तक सिटी बसों के रिपेयर में ठेका कंपनी सन मेगा वेंचर ढाई करोड़ खर्च कर चुकी है। पर बसों की हालत में सुधार नहीं है। ठेका कंपनी को हर माह प्रति बस 2500 रुपए देना है, लेकिन कंपनी निगम को पेमेंट नहीं कर पा रही है। निगम ने कंपनी का ठेका निरस्त कर दिया है। ज्ञात हो कि 10 साल साल पहले 50 सिटी बसें 10 रूटों पर चलती थीं। तब इसका संचालन बेंगलुरु की कंपनी दुर्गांबा कर रही थी, लेकिन कोरोना में डिपो में बसें कबाड़ हो गई। 2023 में निगम ने नया टेंडर किया, तब 40 बसें चलने लायक थीं, लेकिन आज सभी खराब हो चुकी हैं। निगम के अफसरों का कहना है कि 10 साल तक बसें फिट रहती हैं। ऐसे में नई बसें चलने से ही राहत मिलेगी। शहर में ठप पड़ी सिटी बस सेवा को फिर से पटरी पर लाने सूडा ने 3 बसों की रिपेयरिंग के लिए 12.55 लाख रुपए मंजूरी दी है।

सरकारी कार्यालयों में अघोषित अवकाश

# आफिस खुले, लेकिन अधिकारी कर्मचारी नदारद, पसरा सन्नाटा



रजिस्ट्री ऑफिस में छाया रहा सन्नाटा। इनसेट में कम्पोजिट बिल्डिंग के दफ्तर का बंद ताला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले आयोजित हड़ताल के तहत शुक्रवार को जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा। आफिस तो लगभग सारे खुले रहे, लेकिन यहां अधिकारी-कर्मचारियों की संख्या शून्य थी।

शुक्रवार को नई व पुरानी कंपोज़िट बिल्डिंग का नजारा कुछ अलग ही नजर आया। सुबह से लेकर देर शाम तक गहमागहमी वाले इन दोनों ही भवनों में सन्नाटा पसरा रहा। पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग में करीब 31 विभाग संचालित किए जाते हैं, वहीं नई कंपोजिट बिल्डिंग में भी संचालित भवनों की संख्या लगभग 30 के आसपास है। शुक्रवार को अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले हड़ताल होने के कारण इन दोनों ही भवनों में पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा। पुरानी कंपोजिट बिल्डंग के मुख्य गेट पर शटर लगाकर ताला जड़ दिया गया था, लेकिन पीडब्ल्यूडी आफिस के सामने व रजिस्ट्री आफिस वाला गेट खोलकर रखा गया था। सारे कार्यालय खुले भी थे, लेकिन कामकाज के लिए कोई कर्मचारी उपस्थित नहीं था। आमतौर पर केवल कर्मचारियों की हड़ताल होने पर अधिकारियों के भय से या उनके बुलावे से जरूरी कामकाज निपटाने कर्मचारियों की ऑफिस में उपस्थिति हो ही जाती है, लेकिन शुक्रवार की हड़ताल में अधिकारियों का भी पूर्ण समर्थन था, लिहाजा सारे कर्मचारी नदारद रहे। रजिस्ट्री आफिस के भीतर डिप्टी रजिस्ट्रार, सब रजिस्ट्रार, क्रेता-विक्रेता व गवाहों की फोटो लेने बनाए गए कैमरा रूम सहित भीतर के सारे चेंबर रोज की ही तरह खुले रहे, लेकिन सारी कुर्सियां खाली रहीं व कोई काम करने वाला नहीं दिखाई दिया। रजिस्ट्री आफिस परिसर में करीब 20 की संख्या में तालापारा की महिला व पुरूष रजिस्ट्री का इंतजार करते बैठे पाए गए, लेकिन उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा।

## एनएचएम की हड़ताल जारी

स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम के 16 हजार कर्मचारी हड़ताल पर है, 5 दिन बीतने के बाद भी हड़ताल पर सरकार का रूख साफ नहीं हो सका है। शुक्रवार को संघ के केन्द्रीय प्रांताध्यक्ष श्याम मोहन दुबे ने कहा है कि राजनैतिक पार्टियां छत्तीसगढ़ की जनता को फ़ुटबॉल समझ कर दांव खेल रही है पार्टियों अपने वादे से मुकरती है। ऐसे में जनता स्वयं ही तीसरी पार्टी बनाकर अपना अधिकार ले कर रहेगी। मूसलाधार बारिश के बीच 735 संविदा एनएचएम कर्मचारी ने अधिकार रैली निकाली। कर्मचारी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इसका असर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है, मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### इन कामों पर पड़ रहा है असर

राष्ट्रीय कार्यक्रम मलेरिया, टीबी, टीकाकरण, महामारी की दैनिक रिपोर्टिंग, जन्म मृत्यु पंजीयन, जन्म प्रमाण पत्र, महतारी प्रसव, अस्पतालों मे ओपीडी सेवा,शल्य क्रिया बाधित हो रही हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर पूर्ण रूप से बंद है।

### मौसम के कारण बीमारियां बढ़ीं

बरसात का मौसम होने के कारण सर्दी, खांसी, बुखार एवं उल्टी दस्त के मरीजों की भीड़ अस्पतालों में बेतहाशा बढ़ रही है। उन्हें समय पर उपचार नहीं मिल रहा है। मरीज भटक कर निजी अस्पतालों का रुख कर रहे हैं।



नेहरू चौक पर हुआ काम बंद, कलम बंद धरना प्रदर्शन

# फेडरेशन ने किया प्रदर्शन मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



नेहरू चौक पर धरने पर बैठे कर्मचारी। इनसेट में सभा को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कर्मचारी फेडरेशन द्वारा शुक्रवार को काम बंद, कलम बंद एकदिवसीय हड़ताल की गई। इस दौरान नेहरू चौक पर कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन हुआ और फेडरेशन के कर्मचारियों ने मोदी की गारंटी को लेकर जंगी प्रदर्शन करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

फेडरेशन के आज के इस आंदोलन को कर्मचारी-अधिकारी पेंशनर्स एसोसिएशन के अतिरिक्त अनेक संगठनों का समर्थन रहा। फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ. बीपी सोनी, महासचिव किशोर शर्मा ने बताया कि घोषणा पत्र में किए गए वायदे के अनुरूप राज्य शासन द्वारा सकरात्मक निर्णय नहीं लिए जाने के फलस्वरूप प्रदेश के कर्मचारियों में आक्रोश एवं निराशा व्याप्त है, जिससे आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। 11 सूत्रीय मांगों जिसमें प्रमुख रूप से केन्द्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता, चार स्तरीय वेतनमान, 300 दिनों का अर्जित अवकाश, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, वेतन विसंगति दूर करना, 10 प्रतिशत की अनुकंपा नियुक्ति सीलिंग को समाप्त करना आदि शामिल है। प्रदर्शन के आज प्रथम चरण में पीआर यादव, जीआर चन्द्रा, रोहित तिवारी, सुनील कौशिक, किशोर शर्मा, आदि ने संबंधित करते हुए राज्य शासन से मांगों को शीघ्र पूरा करते हुए आवश्यक कार्यवाही की मांग की है। मांगे पूरी नहीं होने पर आगामी दिनों में आंदोलन को विस्तार करने की बात कही है। आज के इस प्रदर्शन में पीआर यादव, जीआर चन्द्रा, रोहित तिवारी, सुनील कौशिक, किशोर शर्मा, देवेन्द्र, सुनील यादव, राजेश पांडे, नागेन्द्रधर शर्मा, राजेन्द्र दवे, विनोद तिवारी, अरूण पांडे, संतोष तिवारी, विनय गुप्ता, जगत मिश्रा सहित अन्य शामिल थे।

# एग्रीस्टेक पंजीकृत किसानों से ही धान खरीदी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं करा पाने वाले किसानों को सेवा सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर अपना धान बेचने में दिक्कत हो सकती है। 19 अगस्त को खाद्य सचिव

- खाद्य सचिव ने जारी किया आदेश
- जिले में 22 हजार किसान पंजीयन से पीछे



रीना बाबासाहेब कंगाले द्वारा जारी आदेश में कृषकों को समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने हेतु एग्रीस्टेक पोर्टल एवं एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन कराने संबंधी लेख किया गया है। आज की दशा में जिले के 22 हजार किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं हो सका है। ऐसी स्थिति में खाद्य सचिव द्वारा जारी आदेश से इन किसानों को आगे दिक्कत हो सकती है।

एग्रीस्टेक पंजीयन के लिए अक्टूबर तक का अंतिम समय निर्धारित किया गया है। आज की स्थिति में जिले के 1 लाख 3 हजार किसान पंजीकृत किए भी जा चुके हैं, लेकिन 22 हजार किसान आज भी ऐसे हैं जो एग्रीस्टेक पंजीयन की राह देख रहे हैं। दिक्कत यह है कि पंजीयन से वंचित रह जाने वाले ये किसान शामिल खाताधारक, एक से अधिक महल नंबर वाले गांव के किसान, एक से अधिक गांवों में कृषिभूमि धारण करने वाले या नगरीय निकाय के अंतर्गत आने वाले ग्रामों से संबंध रखते हैं। इन किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन का फिलहाल कोई ऑप्शन नहीं दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार यह समस्या सेंट्रल लेवल पर है, जिस पर लगातार काम भी किया जा रहा है, जिससे संभावना जाहिर की जा रही है कि रास्ता निकालकर धान खरीदी से पहले निर्धारित समयसीमा में सारे किसानों को पंजीकृत कर लिया जाएगा।

### समस्या का किया जा रहा समाधान

जिन किसानों का किसी भी तकनीकी कारणों से अब तक एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं हो सका है, उन कारणों को समझकर समस्या का लगातार समाधान किया जा रहा है। धान खरीदी प्रारंभ होने में अभी समय है। तब तक सारे किसान पंजीकृत कर लिए जाएंगे। एक भी किसान को धान बेचने में दिक्कत नहीं आएगी।

**-अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

# सोनोग्राफी के लिए महिलाओं की लगी लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जिला अस्पताल में सोनोग्राफी के लिए अपनी पारी का इंतजार करती महिलाएं।

जिला अस्पताल में सोनोग्राफी की लंबी वेटिंग जारी है, यहां रोजाना गायनिक वार्ड में 200 से अधिक गर्भवती महिलाएं इलाज के लिए पहुंच रही हैं, ओपीडी में इलाज के लिए सभी का सोनोग्राफी टेस्ट लिखा जाता है, जिससे समस्या बढ़ रही है। ऐसे में रेडियोलॉजिस्ट पर भी काम का दबाव अचानक से बढ़ चुका है और महतारियों को वेटिंग में रखा जाता है। कमोबेश यह रोज की बात हो चुकी है।

जिला अस्पताल में सभी तरह के इलाज फ्री हो चुके हैं, जांच के नाम पर मरीजों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। गायनिक वार्ड द्वारा इलाज और फालोअप के लिए पहुंचने वाले गर्भवती महिला के लिए सीधे सोनोग्राफी टेस्ट लिखा जा रहा है, ऐसे में सोनोग्राफी के लिए लंबी लाइन लग रही है, जिससे ओपीडी के अन्य मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, खास बात यह है कि जिला अस्पताल में दो रेडियोलॉजिस्ट पदस्थ है, दोनों की रोजाना ड्यूटी दे रहे हैं, लेकिन वर्क लोड बढ़ने के कारण अव्यवस्था का आलम है। ओपीडी, एमएलसी, खेल विभाग के आयोजन और वीवीआईपी ड्यूटी में डाक्टरों को लगाया जाता है, जिससे सोनोग्राफी और एक्सरे रिपोर्टिंग प्रभावित हो रही है। वहीं व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है, रोजाना मरीजों की भीड़ बढ़ने के कारण जरूरतमंद मरीज को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

### सरकारी योजना ही बन गई मुसीबत

स्वास्थ्य विभाग की योजना के अंतर्गत जिला अस्पताल, पीएससी और सीएचसी में सभी तरह की जांच फ्री कर दी गई है, इसके लिए मरीजों को किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता है, लेकिन इसका बेजा उपयोग हो रहा है। कई मरीजों के द्वारा महज ओपीडी पर्ची में डाक्टरों पर दबाव डालकर जांच लिखवा रहे है, जिससे जरूरतमंद मरीज को ही समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी योजना अब स्वास्थ्य विभाग के लिए चुनौती साबित हो चुकी है। पुरानी और खटारा मशीनों के भरोसे सैकड़ों जांच करना संभव नहीं हो रहा है, इसमें विलंब हो रहा है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

### प्राणघातक हमला करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** तितली चौक पर युवक पर धारदार हथियार से हमला करने के मामले में तोरवा पुलिस ने एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मामले के अनुसार शिव टॉकीज बौद्ध मंदिर के पास रहने वाले राहुल गोस्वामी 18 अगस्त को अपनी बाइक से आ रहे थे। इस दौरान रेलवे तितली चौक के पास कुछ युवकों ने उनसे गाली गलौज करते हुए उनपर प्राणघातक हमला दिया। आरोपियों ने पुरानी रंजिश की आड़ में चाकू ,स्टिक, पाइप, बेल्ट से युवक पर हमला कर दिया। जैसे तैसे युवक ने अपनी जान बचाई और तोरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के बाद 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन 4 आरोपी अभी भी फरार थे, जिसमें गोविंद नगर सिरगिट्टी निवासी मोहम्मद इस्माइल खान पिता मोहम्मद इकबाल उम्र 25 साल को तोरवा पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि मामले में आरोपी अभय चौहान ,मोहम्मद यूसुफ , गुलशन हडलेस्कर, अमन हथगेन को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका था मामले के शेष आरोपियों की पता तलाश पुलिस द्वारा की जा रही थी, इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मोहम्मद इस्माइल खान गोंदिया से ट्रेन में बैठकर बिलासपुर आ रहा है। तोरवा थाना टीम ने रेलवे स्टेशन के पास से घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बेल्ट जब्त किया है।

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवतटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
10 सितंबर 2025
29 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
10 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम् धाम यात्रा
09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर, 23 दिसंबर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य कर्मियों ने हड़ताल के बावजूद बचाई जच्चा-बच्चा की जान

**जरहागांव।** हड़ताल के बावजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए प्रसूता और और उसके बच्चे की जान बचाई। दरअसल क्षेत्र के भठलीकला निवासी संजू कश्यप को 6 साल बाद मां बनने का सौभाग्य मिला। महिला को प्रसव पीड़ा होने पर उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन स्वास्थ्य कर्मियों के हड़ताल पर होने के कारण समस्या पैदा हो गई। आनन-फानन महिला को डिलीवरी के लिए जिला अस्पताल मुंगेली ले जाया गया, लेकिन वहां पर वहां भी स्वास्थ्य कर्मियों की कमी थी। स्थित की गंभीरता को देखते हुए सीएमएचओ डॉ शिला शाह स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ नेहा स्मृति लाल स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ राजेश कुमार, नर्स अभिलाषा बख्श एवं सिविल सर्जन डॉ एमके राय ने कमान संभाली और सफल आपरेशन कर जच्चा-बच्चा दोनों को सुरक्षित बचाया गया।



### गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने शिवसेना का महा हस्ताक्षर अभियान



**लोरमी।** गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने को लेकर शिवसेना की ओर से महाहस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में गौ हत्या बंद कराने, गौ तस्करों का वाहन राजसात कराने, गौ हत्या करने वालों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराने और गांव-गांव में निर्मित गौठानों में गौ सेवकों की नियुक्ति कलेक्टर दर पर कराने के लिए शिवसेना ने महा हस्ताक्षर अभियान चलाया। शिवसेना की इस पहल को गांव एवं नगर से अच्छा समर्थन मिल रहा है। कार्यक्रम प्रदेश महासचिव सुनील झा के निर्देशन पर, जिला उपाध्यक्ष रोहित साहू और ब्लॉक अध्यक्ष दीपक श्रीवास के नेतृत्व में अभियान चलाया ज रहा है। कार्यक्रम में कोमल सिंह राजपूत, शिवसेना जिला उपाध्यक्ष रोहित साहू, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक श्रीवास, पूर्व सेना संजय यादव, अनिल गिरी, शत्रुघन सिंह ध्रुव, देवी सिंह राजपूत, धर्मजीत राजपूत, उमाशंकर साहू, अजय राजपूत, मोती कोलाम, श्याम कोलाम सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के तहत कार्यक्रम



**लोरमी।** 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जिला पुलिस प्रशासन के 'पहल' अभियान अंतर्गत किशोरी बालिकाओं के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल चंदली में मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' पर परियोजना अधिकारी क्रमांक 2 लोरमी श्रीमति दुआ ने लोगों को जागरूक करते हुए बालिकाओं को अच्छी शिक्षा दिलाने पर जोर दिया गया। इस दौरान 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' की थीम पर बाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें विजयी प्रतिभागियों एवं बच्चियों को पुरुस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम मे परियोजना अधिकारी श्रीमति दुआ, पर्यवेक्षक चंदली सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्कूल की प्राचार्य सरिता तिवारी, प्रधान पाठक संजयदास, भूपेंद्र सिंह राजपूत सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### जिला पंचायत परिसर में रोपे गए विविध किस्म के पौधे



**मुंगेली।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय एवं जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार की उपस्थिति में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अंतर्गत जनपद पंचायत परिसर में आम, कटहल करंज, सीताफल अमरूद सहित 40 पौधे का रोपण। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पद्मनी मोहले, जिला पंचायत सभापति उमाशंकर साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि परमेश्वर ठाकुर, जनपद सभापति पवन पाण्डेय, खोरबहारिन लालाराम साहू, रिंकू सिंह ठाकुर, सन्नी भार्गव, सरपंच ग्राम पंचायत करही एवं जनप्रतिनिधि सहित जिला व जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम व मुख्य सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन

# अधिकारी-कर्मचारी हड़ताल पर, कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के द्वारा 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आगर क्लब में धरना दिया गया। प्रदेश में कार्यरत कार्यभारित, दैनिक वेतन भोगी, अनियमित, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करते हुए नियमित पदस्थापना में नियुक्त किए जाने की मांग की गई।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के उप संयोजक अवधेश शुक्ला ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता की घोषणा कर दी, जो आन्दोलन को तोड़ने के प्रयास है। खेदजनक है कि सरकार द्वारा हमारी मांगों पर अब तक कोई सार्थक चर्चा या संवाद नहीं किया गया है न कोई समाधान की पहल की गई। ये तो कर्मचारी अधिकारियों के साथ अन्याय एवं उपेक्षा का प्रतीक है। ऐसे में फेडरेशन के आन्दोलन तब तक जारी रहेगा जब तक हमारी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता। पेंशनर संघ के जिला अध्यक्ष सईद खान ने कहा कि पेंशनर संघ बहुत बड़ा संगठन है जो छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन में शामिल हो चुका है जो हमारे जायज मांगे हैं उसे पूरा किया जावे। जिला प्रवक्ता मो. उमर कुरैशी ने 11 सूत्री मांगों पर कहा कि मोदी के गारंटी अनुसार केन्द्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता दिया जाएं। जुलाई 2019 से समय-समय पर देय महंगाई भत्ते की लंबित एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाए। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बिन्दु भास्कर, कर्मचारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष अश्वनी बंजारे, छत्तीसगढ़ नियमित शिक्षक संघ के संभाग अध्यक्ष ओमप्रकाश कौशिक, स्टांप नर्स संघ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष डोम प्रकाश कश्यप, सचिव संघ जिला अध्यक्ष योगेश साहू, प्रधान पाठक संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश निर्मलकर, जिला प्रवक्ता फूलचंद यादव, महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुशीला घृतलहरे, भोला देव ध्रुव, डॉ. अखिलेश बंजारे, रामसिंह राजपूत, आरके वैष्णव, कृष्ण कुमार वर्मा, पीला लाल दिवाकर, कामता साहू आदि ने धरना स्थल पर उद्बोधन किये। तत्पश्चात 11 सूत्रीय मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री के नाम एवं मुख्य सचिव के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। आंदोलन स्थल पर प्रमुख रूप से नारायण भास्कर, राजकुमार घृतलहरे, अरविंद पाण्डेय, जेपी साहू, डीडी भास्कर, बीडी बघेल, अजय दिवान, किशन बारे, बीडी मानिकपुरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संचालन प्रवक्ता मोहम्मद उमर कुरैशी एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक जेएस ध्रुव के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### कर्मचारियों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**तखतपुर।** प्रदेश के शासकीय सेवकों को केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता देने सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले एक दिवसीय हड़ताल कर कर्मचारी-अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर हूप सिंह क्षत्री, जितेंद्र शुक्ला, राजकुमार शर्मा, हिमाचल साहू, वल्लभ रजक, एलपी श्रीवास, राजकुमार नीलम, शशिकांत सोनी, विनोद पांडेय, ज्योति पाल, आरती राजपूत, प्रतिभा ठाकुर, शकुन्तला क्षत्री, संतोषी यादव, उत्तरा डड़सेना, ओमप्रकाश देवांगन, रामकिशोर क्षत्री, शेखर पांडेय, लवकान्त द्विवेदी ,विजय मिश्रा, संजय सोनी, राकेश पाठक, जितेंद्र पाठक, विवेक निर्मलकर, लक्ष्मी ठाकुर, अनुज नवरंग, स्वाति कश्यप, अरुणा रात्रे सुलक्षणा डाहीरे, सुनीता ध्रुव, शिवपाल सिंह क्षत्री, रवि धनकर, अनीस कौशिक, रामकुमार यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### विधानसभा चुनाव में किए गए वायदे पूरा करने की मांग

**पेंड्रा।** विधानसभा चुनाव में भाजपा की ओर से मोदी की गारंटी के नाम पर कर्मचारियों से किए गए वायदे के पूरे नहीं होने से नाराज होकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले 11 सूत्रीय मांगों को लेकर समस्त कर्मचारी व अधिकारियों ने 22 अगस्त शुक्रवार को सामूहिक अवकाश लेकर ज्योतिपुर पेंड्रारोड में धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन से संबद्ध विभिन्न विभागों के कर्मचारी संगठनों से हजारों की संख्या में जीपीएम जिले के कर्मचारी-अधिकारी प्रदर्शन में शामिल हुए, और भाजपा सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ापन सौंपा।धरना प्रदर्शन का संचालन अजय चौधरी ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करने वालों में प्रमुख रूप से कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ संजय शर्मा, सह संयोजक सचिन तिवारी, केबी दीक्षित, पेंशनर जिलाध्यक्ष कमाल खान, अक्षय नामदेव, कर्मचारी नेता सत्य नारायण जायसवाल, सहायक शिक्षक फेडरेशन जिलाध्यक्ष दिनेश राठौर, कैशलेश चिकित्सा संघ के प्रदेश संयोजक पीयूष गुप्ता, अरविंद सोनी, प्रकाश रैदास, जीडी पनारिया, वन कर्मचारी जिलाध्यक्ष राज किशोर टंडन, मुकेश निषाद, पर्यवेक्षक संघ जिलाध्यक्ष कविता शर्मा, प्रीतम कोशले, प्रवीण कौशिक, हेमंत कश्यप, बुधराम श्याम, एमपी रौतेल, अभिषेक शर्मा, गजेंद्र रात्रे, गीतेश्वर राठौर, डिप्लोमा इंजीनियर संघ जिलाध्यक्ष अजय सप्रे, संजय सोनी, पूरन साहू शामिल थे।





एनएचएम कर्मचारियों द्वारा खून से लिखा पत्र।

### एनएचएम कर्मचारियों ने खून से लिखा पत्र

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम संघ के आव्हान पर जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है, हड़ताल स्थल पर कर्मचारियों द्वारा अनोखा प्रदर्शन की जा रही है कर्मचारियों द्वारा आज खून से पत्र लिखकर प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की गई। इसके पहले हाथों में मेहंदी लगाकर प्रदर्शन किया गया था। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से स्वास्थ्य सेवा प्रभावित हो रही है। सरकार से सम्मानजनक सेवा शर्तों और स्थायित्व के साथ-साथ समान वेतन और नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं। एनएचएम कर्मचारी संघ के संरक्षक अमित दुबे एवं जिलाध्यक्ष पवन निर्मलकर, डॉ अखिलेश बंजारे ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारी अपनी नियमितीकरण एवं 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के पांचवे दिन जिले के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के द्वारा मुख्यमंत्री को अपने खून से संविदा प्रथा को खत्म कर नियमितिकरण के लिए पत्र प्रेषित किया गया। कर्मचारियों की हड़ताल का सीधा असर स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है, जिससे अस्पतालों में मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धरना प्रदर्शन में शैलेन्द्र पाण्डेय, मनीष गुप्ता, निमिष मिश्रा, सुनील सिंह, शैलेष पिटर, कमलेश्वरी साहू, राजेंद्र राजपूत, लिलक मारकम, अमित सिंह, लक्ष्मी साहू, रुखमानी चतुर्वेदी, नीतू पात्रे, सरिता कांत, कार्तिक साहू सहित बड़ी संख्या मे एनएचएम के कर्मचारी उपस्थित थे।

### केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन से मिले नपा अध्यक्ष

**मुंगेली।** नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से मुलाकात कर क्षेत्र में रेलवे एवं विकास कार्यो को लेकर चर्चा की। इस दौरान नगर में विभिन्न विकास कार्यो के लिये 875 लाख रूपये स्वीकृति प्रदान किये जाने की मांग की। केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के दिल्ली निवास पर नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने नगर विकास के लिये 8 करोड़ 75 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान किये जाने की मांग की। क्षेत्र में रेल लाईन के संदर्भ में भी केन्द्रीय मंत्री से चर्चा की। मंत्री को लिखे पत्र में शादी घर निर्माण कार्य हेतु 4 करोड़, पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में बाउण्ड्रीवाल निर्माण एवं अन्य विविध कार्य हेतु 3 करोड़ तथा शहर के अंदर मछली, मुर्गा एवं मटन दुकान को एक ही स्थान पर शिफ्ट करने केम्पस एवं दुकान निर्माण कार्य हेतु 1 करोड़ एवं रेहूंटा खार में गौ माता की सुरक्षा के लिये शेड, बाउण्ड्रीवाल एवं अन्य विविध कार्य हेतु 75 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की।



### बड़ा बाजार व मल्हापारा की टीम ने दहीहांडी फोड़कर प्राप्त किया प्रथम स्थान

**मुंगेली।** नगर के आगर खेल परिसर में इस वर्ष पहली बार नवागढ़ राज सर्व यादव समाज जिला मुंगेली के नेतृत्व में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर भव्य दहीहांडी फोड़ प्रतियोगिता का ऐतिहासिक आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत नगर में श्री राधा-कृष्ण की जीवंत झांकी की भव्य शोभायात्रा से हुई। मुंगेली नगर में पहली बार शोभा यात्रा, कृष्ण जन्माष्टमी एवं दहीहंडी प्रतियोगिता की धूम रही। अखाड़ा प्रदर्शन रैली प्रभारी व आयोजन समिति के संयोजक संजय यादव सुरेंद्र लाला यादव सूरज यादव जितेंद्र यादव अनिकेत यादव विक्की यादव के नेतृत्व में संचालित हुआ। जिसने यादवी शौर्य को बखूबी प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुन्नूलाल मोहले उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी ने की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### महिलाओं ने सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया तीज मिलन

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की महिला विंग की टीम अपराजिता द्वारा पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ तीज मिलन समारोह का आयोजन माया सिंह राजपूत जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ के अगुवाई में किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने लोकगीत, नृत्य, भजन कीर्तन और विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया। शिक्षिका माया सिंह राजपूत ने तीज पर्व की महत्ता एवं इस पर्व की पौराणिक कथा माता पार्वती एवं शिव जी की दिव्य मिलन पर प्रकाश डाला और समाज में नारी शक्ति के योगदान को रेखांकित भी की। साथ ही कार्यक्रम को महिला एकता, परंपरा और संस्कृति को संजोने का माध्यम बताया। तीज का त्योहार भारतीय संस्कृति में बहुत महत्वपूर्ण है। यह त्योहार महिलाओं की भूमिका को मजबूत करता है और उन्हें अपने परिवार और समाज में अपनी स्थिति को बेहतर बनाने का अवसर प्रदान करता है। गौरतलब हो कि जिले के महिला शिक्षिकाओं की सक्रिय ग्रुप है जो टीम अपराजिता के नाम से संचालित है।





## मरवाही अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर की सुविधा शुरू

**भर्रीडांड।** मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची के विशेष प्रयासों से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मरवाही में ऑपरेशन थिएटर की सुविधा शुरू हुई। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामेश्वर शर्मा ने गुरुवार को इसका शुभारंभ किया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ हर्षवर्धन मेहर के साथ ओटी स्टॉफ नर्स आकृति नन्द, रेखा गुप्ता, ओटी टेक्नीशियन मनीषा सोनवानी एवं वार्ड आया संतोषी वाकरे की उपस्तिथि में एनएसवीटी (पुरुष नसबंदी) सीटीटी (महिला नसबंधी) एवं सिजेरियन सेक्शन (एलएससीएस) ऑपरेशन की सुविधा आम जनों को निरन्तर उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे मरीजों को अन्यत्र कहीं इलाज के लिए जाने की आवश्यकता नहीं होगी। ऑपरेशन थिएटर के सफल संचालन एवं प्रबंधन में डॉ रजनीश तिवारी, मेडिकल ऑफिसर आशुतोष पांडेय, यूसुफ खान, वरिष्ठ लेखापाल नरेश्वरदास, बीईटीओ सुमन ओट्टी, प्रेम लाल चौहान आरएचओ जितेन्द्र चतुर्वेदी, श्रीकांत एवं नेमदास सहयोगी के रुप में उपस्थित रहे।



### अनियमिता पर सहायक शिक्षक निलंबित

**भर्रीडांड।** जिला शिक्षा अधिकारी ने शाला उपस्थित में अनियमिता पर प्राथमिक शाला बरझोरकी के सहायक शिक्षक एलबी सुधीर कुमार राय को तत्काल प्रभार से निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में कहा गया है कि, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मरवाही के पत्र के अनुसार सहायक शिक्षक राय द्वारा शाला में अन्य व्यक्ति से अध्यापन कार्य कराने एवं ठेकेदारी करने संबंधी समाचार इलेक्ट्रानिक मिडिया में प्रकाशित होने पर शाला का निरीक्षण कराया गया, जिसमें सुधीर कुमार राय शाला में अनुउपस्थित पाए गए। जांच प्रतिवेदन अनुसार उपस्थित व्यक्तियों के बयान एवं बच्चों के वीडियो से प्राप्त बयान के आधार पर शिकायत सही पाई गई। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है, कि सुधीर कुमार राय समय पर शाला उपस्थित नहीं रहते थे, जो शासकीय कार्य के प्रति लापरवाही एवं अनुशासनहीता को प्रकट करता है। साथ ही यह छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत है। ऐसे में अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए सुधीर कुमार राय सहायक शिक्षक को तत्काल प्रभार से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी गौरेला निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा 1 से 4 सितम्बर तक जीपीएम में

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

■ सफल आयोजन के लिए कलेक्टर ने विभागों को सौपे दायित्व

राज्य सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन जीपीएम जिले में आगामी 1 से 4 सितम्बर तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता में जिमनास्टिक में 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका, ताइक्वांडो में 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग की बालक एवं बालिका और क्रिकेट में 19 वर्ष के बालक शामिल होंगे। 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रदेश के पांचों संभाग रायपुर, बिलासपुर दुर्ग, बस्तर एवं सरगुजा से कोचेस सहित लगभग 675 खिलाड़ी भाग लेंगे।

कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने दायित्व सौंपा है। उन्होंने कहा कि जिले में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का होना हमारे जिले के लिए गर्व का विषय है। खेल प्रतियोगिता में कोई भी वाद-विवाद की स्थिति नहीं हो, खेल का गरिमापूर्ण ढंग से सफल आयोजन हो एवं खिलाड़ियों के लिए प्राथमिक उपचार की व्यवस्था हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने खेल मैदानो एवं खिलाड़ियों के आवास स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था एवं चिकित्सा, साफ सफाई, चलित बायो टॉयलेट, बेरीकैट्स, शेड्यूल के अनुसार खिलाड़ियों को रेलवे स्टेशन से आवास स्थल तक लाने ले जाने हेतु परिवहन, मैदान एवं खिलाड़ियों के निवास स्थल पर समुचित प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, स्वल्पाहार, भोजन आदि के लिए संबंधित विभागों को दायित्व सौंपा है। बैठक में डिप्टी कलेक्टर देवेन्द्र सिरमौर, जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी, जिला खेल अधिकारी सीमा डेविड सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### नशे के खिलाफ जनआंदोलन में शामिल हुए पुलिस अधीक्षक

# नशे का व्यापार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में अभियान ''पहल'' के तहत दुर्व्यवसनी बालकों, युवाओं उनके अभिभावक की कार्यशाला ''तमसो मा ज्योतिर्गमय सूत्र के साथ युवाओं को बदलाव की शुरूआत सुरक्षा के साथ'' आयोजन किया गया।

पुलिस के द्वारा अवैध रूप से सूखे नशे जैसे ब्राउन शुगर, चरस, गांजा का सेवन करने वाले युवाओं को परिजनों के समक्ष नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे मे जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के द्वारा परिजनो के समक्ष अवैध सूखा नशा करने वाले युवाओं को नशा ना करने एवं इस दलदल से निकलकर बेहतर एवं उज्जवल भविष्य का निर्माण करने की सलाह एवं समझाइश दी गई। पुलिस अधीक्षक श्री पटेल के द्वारा नशे का सेवन करने वाले युवा पीढ़ी को परिजनो के समक्ष समझाइश दी गई एवं अपील की गई कि नशे का सेवन करने वाले उम्र के नाबालिग बच्चे, 25 वर्ष से कम युवा पीढ़ी जो नशा गांजा, ब्राउन शुगर, चरस, नाइट्रा सेवन कर अपनी स्वास्थ्य को खराब करते है व नशे मे लड़ाई-झगड़ा, छोटे-छोटे अपराध कर बड़े अवैध कारोबार मे संलिप्त होते है और अपनी भविष्य को खराब कर लेते है, नशे के कारण युवा पीढ़ी शिक्षा से दूर हो जाते है इसलिये बच्चों तथा युवा पीढ़ी बेहतर एवं उज्जवल भविष्य के लिये नशा से दूर रहने के लिये जागरूक किया गया साथ ही परिजनों को भी समझाइश दिया गया कि पालको द्वारा बच्चों की देखभाल आवश्यक है, बच्चा कब कितना समय घर आ रहा है, दोस्त उसके कैसे है ध्यान देना रात्रि मे कोई दोस्त बुलाता है।

नशा करता है उसके साथ नही भेजना है व अच्छे विचार वाले दोस्त बनाये, बच्चा कितना देर मोबाइल उपयोग कर रहा है, नशा करके तो नही आ रहा है, नशा नही करना है कहकर मना करना है, नशा करेंगे तो बिमारी से ग्रसित हो जायेंगे, नशे मे अपराध लड़ाई-झगड़ा करने लगेगें, अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे विचार विमर्श करना पालको का कर्तव्य है समझाइश दी गई व आदत नही सुधरने पर अगर किसी पालक को लगे की बच्चा या युवा पीढ़ी ज्यादा नशे की चपेट मे है तो पुलिस से संपर्क कर स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से नशा मुक्ति केन्द्र भेजा जाएगा।



नशे के खिलाफ जनआंदोलन कार्यक्रम में एसपी।

### पुलिस ने पकड़ा 19 मवेशियों से भरा ट्रक, 3 मवेशी तस्कर गिरफ्तार





**जरहागांव।** एसपी भोजराम पटेल के निर्देश पर जिले में गौ तस्करी, अवैध शराब, चरस, गांजा, ब्राउन शुगर सहित अन्य असंवैधानिक गतिविधियों पर लगाम लगाने लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जरहागांव पुलिस ने मवेशियों से भरा एक पकड़ने में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी नंदलाल पैकरा ने बताया कि, पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि, मोतीमपुर की ओर से एक माजदा ट्रक सीजी 4 एनयू 1900 में मवेशियों को भरकर बूचड़खाना ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम ने सेमरचुवा गांव के पास घेराबंदी उक्त ट्रक को अपने कब्जे में लिया, लेकिन ट्रक का ड्राइवर पहले ही फरार हो चुका था। वाहन की जांच की गई तो उसमें 19 भैंसें भरी हुई थीं। पुलिस ने मवेशियों को कब्जे में लेकर आरोपी ट्रक ड्राइवर एवं क्षेत्र में पशु तस्करी करने वाले संदेहियों की तलाश शुरू की। इसी दौरान संजय टंडन उर्फ पिंटू पिता बेद्धुराम लिमही, बलम उर्फ परमेश्वर पिता बिलराम टंडन, फसरू पिता भगऊराम मोहाभांठा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, तो तीनों ने मवेशी तस्करी की बात कबूल ली।जरहागांव पुलिस ने उक्त आरोपियों के खिलाफ धारा 11(1)(घ),4,6,10 छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परीक्षण अधिनियम 2004 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया।